रविवार, 13 जुलाई 2025

मौसम



तापमान 25 – 32
आर्द्रता 80%
सूर्योदय: 4:59 सूर्यास्त: 18:25

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा




भारतीय सशस्त्र बलों पर देवी काली का विशेष आशीर्वाद : राजनाथ सिंह

-पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : आत्मविश्वास की गूंज सफलता तक और अहंकार की गूंज विनाश तक जाती है।

# एअर इंडिया हादसे की जांच रिपोर्ट में पायलट की गलती और ईंधन आपूर्ति में गड़बड़ी की आशंका



**नई दिल्ली :** अहमदाबाद से उड़ान भरने के 32 सेकंड के भीतर दुर्घटनाग्रस्त हुई एअर इंडिया फ्लाइट 171 को लेकर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान के दौरान अचानक दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच 'रन' से 'कटऑफ' स्थिति में चले गए, जिससे विमान को थ्रस्ट नहीं मिला और वह गिरकर मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकरा गया। रिपोर्ट में कहा गया कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर में एक पायलट दूसरे से पूछता है, तुमने फ्यूल क्यों बंद किया?, जबकि दूसरा इससे इनकार करता है। इससे पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति सामने आती है। विमान में कोई तकनीकी खराबी नहीं पाई गई, जिससे पायलट की गलती प्रमुख कारण प्रतीत होती है। हालांकि, पायलट यूनियन ने इस निष्कर्ष पर आपत्ति जताते हुए रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण बताया है। विमान में सवार 242 में से 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि जमीन पर 19 अन्य लोग मारे गए। यह पिछले एक दशक की सबसे भीषण विमान दुर्घटनाओं में से एक है। बोइंग और एअर इंडिया दोनों ने जांच में सहयोग की बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल किसी कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है, और जांच जारी है।

## पायलट्स को बलि का बकरा बनाने की कोशिश?

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने शनिवार को एअर इंडिया विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की। एसोसिएशन ने दावा किया कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। एएलपीए इंडिया इस धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है और निष्पक्ष, तथ्य-आधारित जांच पर जोर देता है। एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उसके प्रतिनिधियों को जांच प्रक्रिया में पर्यवेक्षक बनाया जाए।

## प्रारंभिक रिपोर्ट और पायलटों की बातचीत से निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता: केंद्रीय मंत्री

**पुणे :** केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता क्योंकि पायलटों के बीच बातचीत बहुत संक्षिप्त थी। मोहोल ने कहा, यह प्रारंभिक रिपोर्ट है। हम इसके आधार पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाल सकते। पहले, ऐसी दुर्घटनाओं के मामले में ब्लैक बॉक्स विदेश भेजना पड़ता था। अब, हम इस जांच को स्वयं जल्दी पूरा कर सकते हैं। एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है। इसमें मंत्रालय का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

## घर खरीदारों से धोखाधड़ी मामले में रामप्रस्थ समूह की 681 करोड़ की संपत्ति कुर्क : ईडी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम से संचालित रामप्रस्थ रियल एस्टेट समूह की 1,900 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली 680 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कॉलोनियों और भूखंडों को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कुर्क किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरडीडीपीएल) और समूह की अन्य कंपनियों के खिलाफ एक मामले में धन शोधन निवारण (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

## राजनीतिक-धार्मिक उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय ध्वज के इस्तेमाल पर रोक संबंधी याचिका पर होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय 14 जुलाई को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के कदम उठाएं।

# आईआईएम जोका के ब्वॉयज हॉस्टल में छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, छात्र गिरफ्तार

- आरोपी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत
- पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म के आरोप से किया इनकार – पृष्ठ 3



**कोलकाता, समाज्ञा :** आईआईएम जोका एक बार फिर विवादों में है। यहां एक छात्रा से बॉयज हॉस्टल में दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि संस्थान के ही दूसरे वर्ष के छात्र ने काउंसिलिंग के नाम पर उसे हॉस्टल में बुलाया। आरोप है कि पहले नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश किया गया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता आईआईएम जोका की ही छात्रा है। उसने बताया कि आरोपित ने पहले उसे काउंसिलिंग सत्र के बहाने बॉयज हॉस्टल बुलाया। वहां उसे 'विज़िटर्स बुक' में दस्तखत तक नहीं करने दिए गए। इसके बाद, उसे पिज़्ज़ा और पानी दिया गया, जिनमें कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिलाया गया था। पीड़िता का कहना है कि इन्हें खाने के बाद वह पूरी तरह बेहोश हो गई, और जब उसे होश आया, तो वह हॉस्टल के कमरे में पड़ी थी। पीड़िता के मुताबिक, उसने जब विरोध किया, तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद छात्रा सबसे पहले ठाकुरपुकुर थाने पहुंची, लेकिन वहां से उसे हरिदेवपुर थाना भेजा गया क्योंकि आईआईएम जोका उस थाना क्षेत्र में आता है। पुलिस की मदद से छात्रा ने शुक्रवार को हरिदेवपुर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए और आरोपित छात्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम महावीर टोप्पनवर उर्फ परमानंद जैन है। अलीपुर अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आरोपी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## पीड़िता ने मेडिकल जांच करवाने से किया इनकार

आईआईएम जोका हॉस्टल में दुष्कर्म के आरोपों की जांच एक नया मोड़ ले रही है। इस बार, शिकायतकर्ता की भूमिका पर सवाल उठे हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कथित पीड़िता युवती खुद जांच में मदद करने को तैयार नहीं है। शनिवार की दोपहर जब शिकायत करने वाली पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, तो उसने जांच पर आपत्ति जताई। इतना ही नहीं, उसने पुलिस को कथित दुष्कर्म के दौरान पहने हुए कपड़े भी देने से इनकार कर दिया। जांच के लिए युवती का फ़ोन जब्त किया गया, तब भी पुलिस द्वारा पासवर्ड मांगे जाने पर उसने फ़ोन देने से इनकार कर दिया।

(सम्बंधित खबर पृष्ठ 3 पर)

## प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार योजनाओं और आर्थिक प्रगति को बताया देश की ताकत

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को लेकर अपनी सरकार की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मोदी ने 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक घर बनाना, 10 करोड़ से ज्यादा एलपीजी के नए कनेक्शन वितरित करना या घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना जैसी उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने रोजगार के लाखों नए अवसर सृजित किए हैं तथा इसी तरह कई अन्य योजनाओं से विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुई है। मोदी ने पांच देशों के हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि अब पूरी दुनिया भारत की जनसांख्यिकी और लोकतंत्र की ताकत को पहचान रही है। उन्होंने



कहा कि भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी पूंजी और देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा, आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक जनसांख्यिकी, दूसरा लोकतंत्र। यानी सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके दौरे के दौरान जितने भी समझौते हुए हैं, उनसे देश और विदेश दोनों जगह भारत के नौजवानों को फायदा होना ही है।

## बंगाल में गंगा कार्य योजना के क्रियान्वयन में कमियों को अधिकारी स्पष्ट करें : एनजीटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में गंगा कार्य योजना के क्रियान्वयन में कमियों को राज्य, एनएमसीजी और सीपीसीबी हलफनामे के माध्यम से स्पष्ट करें। एनजीटी ने पश्चिम बंगाल में गंगा प्रदूषण नियंत्रण उपायों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में नदी में प्रदूषणकारी पदार्थों के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए आंशिक कार्रवाई की गई है, लेकिन कई नालों से गैर शोधित सीवेज का इसमें प्रवाह जारी है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अगुवाई वाली पीठ ने कई जल-मल शोधन संयंत्र के काम नहीं करने या मानकों को पूरा नहीं करने के मद्देनजर कहा कि आंकड़ों, परियोजना क्रियान्वयन और जल की गुणवत्ता में खामियां हैं। एनजीटी ने निर्देश दिया कि राज्य और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)



की रिपोर्टों में किए गए खुलासे में पाई गई कमियों और अंतरालों के संबंध में पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक और सीपीसीबी आठ अक्टूबर को राज्य की अगली सुनवाई से पहले हलफनामे के माध्यम से 'जवाब' दें। एनजीटी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया है कि महत्वपूर्ण प्रवाह वाले नाले भारी मात्रा में प्रदूषण फैला रहे हैं और इन नालों के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) अब भी तैयार किये जाने के चरण में है जिसकी समय-सीमा अनिश्चित है। सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में गंगा तट पर स्थित 30 कस्बों में मौजूद 42 जल-मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में से केवल 31 ही चालू हैं और केवल सात ही मानकों का पालन कर रहे हैं, इसलिए गैर शोधित या आंशिक रूप से शोधित सीवेज प्रवाहित किया जा रहा है। एनजीटी ने कहा कि सीपीसीबी ने अपनी रिपोर्ट में 42 एसटीपी की कुल स्थापित शोधन क्षमता और उपयोग क्षमता की सीमा का खुलासा नहीं किया है।

## अवैध धर्मांतरण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है और ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां अपने आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष पर समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान व सामाजिक समरसता के खिलाफ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल बरसाकर संदेश यात्रा का स्वागत किया। एक बयान के मुताबिक, यह यात्रा लखनऊ से शुरू हुई और कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक स्थित शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया गया।

## ईडी ने पीएसीएल मामले में 762 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि 48,000 करोड़ रुपये की कथित पोंजी योजना से जुड़े एक मामले में धनशोधन निरोधक कानून के तहत पीएसीएल (पर्ल्स समूह) और उसके प्रवर्तकों की 762 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। इस पोंजी योजना के माध्यम से कई निवेशकों के साथ ठगी हुई थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और ऑस्ट्रेलिया में स्थित 68 अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक आदेश जारी किया गया है।

## वैध कारण के बिना पति से अलग रह रही पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार नहीं: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि बिना वैध कारण के पति से अलग रह रही पत्नी गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है। विपुल अग्रवाल की पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा ने मेरठ की परिवार अदालत के 17 फरवरी के आदेश को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा, निचली अदालत ने यह तथ्य रिकॉर्ड में लिया है कि पत्नी यह साबित करने में विफल रही कि वह पर्याप्त कारण से पति से अलग रह रही है और पति उसका खर्च उठाने में उपेक्षा कर रहा है। फिर भी पत्नी के पक्ष में 5,000 रुपये महीने का गुजारा भत्ता तय कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा, सीआरपीसी की धारा 125(4) के तहत यदि पत्नी बिना उचित कारण के पति से अलग रह रही है तो वह गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि इस मामले में यह तथ्य जानने के बावजूद कि पत्नी बिना उचित कारण के पति से अलग रह रही है, गुजारा भत्ता की राशि तय कर दी गयी। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ अदालत ने याचिकाकर्ता की उपार्जन क्षमता पर विचार नहीं किया और पत्नी एवं नाबालिग बच्चे के पक्ष में क्रमशः 5,000 रुपये और 3,000 रुपये प्रति माह का गुजारा भत्ता तय कर दिया। हालांकि, पत्नी की और से पेश वकील ने दलील दी कि पत्नी अपने पति द्वारा उपेक्षा किए जाने की वजह से अलग रह रही है और यही कारण है कि निचली अदालत ने याचिका स्वीकार कर गुजारा भत्ता तय किया।

## भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है: सीजेआई गवई

**हैदराबाद :** प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में कभी-कभी कई दशकों की देरी हो सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें। उन्होंने कहा, ''हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं।'' प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया। अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक 'क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं: और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास'' में लिखा था, ''हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे।''










इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ

www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 जुलाई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष तृतीया, 25:01 तक, नक्षत्र : श्रावण, 06:44 तक, योग : प्रीति, 17:57 तक, सूर्योदय: 4:59, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 20:28, चन्द्रास्त: 07:03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 16:40 से 18:20

## साप्ताहिक : राशिफल
## 13-07-25 से 19-07-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ उलझने लेकर आ रहा है। प्रेमी लोगों को इस सप्ताह अपने साथी कुछ बातों को लेकर असमंजस बना रहेगा, जो आप लोगों के बीच लड़ाई की वजह बनेंगे और आपके रिश्ते में इस कारण समस्याएं आएंगी। गृहस्थ जीवन में भी कुछ बातों को लेकर समस्याएं रहेंगी, जिन्हें आप अपने साथी से मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे, लेकिन कुछ बाहरी लोगों की दखलंदाजी के कारण आपके रिश्ते में समस्याएं बढ़ने की संभावना है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियों भरा रहने वाला है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपनी पारिवारिक समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। साथी के साथ आप अपने रिश्ते को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से बातचीत करें, समस्या हल होगी। आप अपनी ऐशोआराम पर ज्यादा ध्यान देंगे जिसमें आपका धन भी अधिक व्यय होगा। नौकरी में लोगों को आज एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपको किसी लड़ाई झगड़े से बचकर रहना होगा। इस सप्ताह प्रेम में पड़े लोगों को अपने जीवन में चल रही समस्याओं को लेकर किसी अजनबी से सलाह लेना नुकसानदेह देगा। गृहस्थ जीवन जीवन में आपकी आपसी समझदारी रिश्ते को बेहतर बनाएगी और आप परिवार में बड़े सदस्यों की बातों को भी पूरा महत्व देंगे जो आपको खुशी देंगे। इस सप्ताह आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी और आप शेयर मार्केट आदि में भी निवेश करने की सोच सकते हैं।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी, जिससे उन्हें अपने रिश्ते में एक नई ऊर्जा मिलेगी। आपको अपने रिश्ते को संभालने की कोशिश करनी होगी। इस सप्ताह धन को लेकर प्लानिंग करके आगे बढ़ना होगा। आपको इस सप्ताह धन की भी प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर यदि कोई चिंता थी तो वह भी सप्ताह दूर होती दिख रही है। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोग इस सप्ताह अपने कामों से अपने बॉस को प्रसन्न करेंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों के लिए खुशनुमा माहौल रहेगा। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं को दूर करने का मौका मिलेगा और आपके साथी परिवार के सदस्यों की केयर करेंगे। इस सप्ताह आपको निवेश करने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। आप कुछ फालतू की चीजों पर धन खर्च करेंगे जो आपकी आर्थिक स्थिति को कमजोर बनाएगा। इस सप्ताह किसी जल्दबाजी में काम को करने से नुकसान होने की संभावना है इसलिए आप यदि कोई महत्वपूर्ण निर्णय लें तो उसे बहुत सोच विचार कर ही लें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रूमानी दिन बिताएंगे। उन्हें कहीं डिनर पर ले जा सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर यदि कोई चिंता थी तो वह भी सप्ताह दूर होगी लेकिन गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी की कुछ कमियों को दूर करके उन्हें स्वीकारना होगा। धन संबंधित मामलों में सप्ताह आपको संभलकर रहना होगा। दिया हुआ पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। आप इस समय में यदि प्रॉपर्टी में निवेश करें तो उसमें लाभ होगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। इस सप्ताह वैवाहिक जीवन में कुछ नई समस्याएं जन्म ले सकती हैं जिसका असर आपके परिवार के सदस्यों पर भी पड़ेगा। संतान के करियर को लेकर भी आज थोड़ा चिंतित रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। यह सप्ताह निवेश के लिए अच्छा रहेगा लेकिन आपको इसमें लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना अच्छा रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को इस सप्ताह अपनी मेहनत को जारी रखना होगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। इस सप्ताह प्रेम में पड़े लोगों को अपने रिश्ते को बचाने की कोशिश करनी होगी क्योंकि आपका कोई पुराना प्रेमी समय में वापस आता आ सकता है जो आपके रिश्ते में इस शक की वजह बनेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी के साथ आपसी समझदारी से आगे बढ़ना होगा। इस सप्ताह आप अपने धन को लेकर बिना प्लानिंग के आगे बढ़ेंगे और आपका जहां मन आएगा वहां खर्च करेंगे, इससे आपको खर्चे बढ़ेगा और बाद में समस्याएं खड़ी होंगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए मौज मस्ती भरा रहेगा। इस सप्ताह आपके रिश्ते में कुछ समस्याएं यदि लंबे समय से चली आ रही थीं तो वह खत्म होंगी। आपको इस सप्ताह अपने साथी से कोई दूरी बनाकर रखना भी बेहतर रहेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों की को अपने जीवनसाथी को समझने की कोशिश करनी होगी। धन के लिहाज से यह सप्ताह अच्छा रहेगा क्योंकि आप इस सप्ताह अच्छा धन खर्च करेंगे, फिर भी आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यदि कोई लोन अप्लाई किया था तो भी मिल सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। प्रेम में पड़े लोगों का रोमांस बढ़ेगा और जो लोग सिंगल हैं उनकी उनके साथी से मुलाकात हो सकती है। गृहस्थ जीवन में आपको अपने साथी की बातों को प्राथमिकता देना होगा। धन के मामले में सप्ताह मिले-जुले परिणाम लेकर आएगा। आप अपने घर किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। कुछ धन अपने किसी मित्र की मदद के लिए भी देंगे। आपने कभी पहले किसी प्रॉपर्टी में निवेश किया था तो वह आपको अच्छा लाभ देगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने अपने साथी से मिलकर प्रसन्न रहेंगे। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों में इस सप्ताह किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है, जिसका असर उनके परिवार पर भी पड़ेगा। यह सप्ताह धन के मामले में अच्छा रहेगा। आप अपने परिवार में सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा धन खर्च करेंगे। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी भी कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को सप्ताह तरक्की मिलने की संभावना है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने अपने साथी के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग अपने रिश्ते में चल रही समस्याओं को मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे। इस सप्ताह धन के मामले आपके लिए अच्छे रहेंगे। आप अपने लिए कुछ नए कपड़े मोबाइल लैपटॉप आदि की खरीदारी भी कर सकते हैं। आप अपनी शान-शौकत में दिखावे के चक्कर में ज्यादा खर्च करेंगे।

# उत्तर प्रदेश में 14 लाख से अधिक गोवंश की हो रही देखभाल: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती और भारत में कृषि तथा पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश सरकार की गौशालाओं या सरकार से सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल की जा रही है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला का



उद्घाटन किया जिसमें उन्होंने गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान और पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत प्रदेश में तीन परियोजनाओं (अमेठी, बरेली और मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने खुरपका-मुंहपका रोग का जिक्र करते हुए कहा कि पशुधन को खुरपका-मुंहपका रोग मुक्त बनाकर पशुपालकों के जीवन में खुशहाली लाने में सरकार योगदान करेगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन लोगों ने स्थानीय स्तर पर देसी पद्धतियों से नस्ल सुधार के प्रयास किए, उन्होंने अच्छी नस्ल बढ़ाने में सफलता प्राप्त की और जो लोग प्रयास नहीं कर पाए, वहां पशुधन काफी पिछड़ा हुआ था।

# कन्हैयालाल की पत्नी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा

### कहाः 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म रिलीज हो

**उदयपुर :** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाये जाने के बाद उदयपुर के कन्हैयालाल की विधवा जशोदा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर इस फिल्म की रिलीज सुनिश्चित करने का आग्रह किया है ताकि "पूरी दुनिया को सच्चाई पता चल सके।" यहां 28 जून 2022 को कन्हैयालाल की मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने कथित रूप से बेरहमी से हत्या कर दी थी। यह फिल्म इसी हत्याकांड पर आधारित है। अपने कतिपय पत्र में जशोदा ने आरोप लगाया कि मुस्लिम संगठनों और उनके वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से फिल्म पर रोक लगवा दी। यह पत्र शनिवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। जशोदा ने लिखा, "मैंने खुद फिल्म देखी है। यह सिर्फ कन्हैयालाल की हत्या की कहानी है, उसमें तो कुछ भी गलत नहीं है।" उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, "आपसे प्रार्थना है कि इस फिल्म को रिलीज करा दीजिए ताकि पूरी दुनिया को सच्चाई पता चल सके।" पत्र में उन्होंने लिखा है, "तीन साल पहले उन्हें मार दिया गया और अब ये वकील कपिल सिब्बल कह रहे हैं कि जो हुआ उसे फिल्म में दिखा भी नहीं सकते। मेरे बच्चे बता रहे हैं कि फिल्म पर अब मोदी सरकार फैसला करेगी। आपको तो पता ही है कि हमारे साथ कितना गलत हुआ और अब उल्टा वही लोग अदालत में जा रहे हैं जिन्होंने इनको मारा है।"

# अखिलेश यादव 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' के चेयरमैन और उनके परिवार के लोग निदेशक: केशव प्रसाद मौर्य



**गोंडा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विपक्षी दलों खासतौर से समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका पीडीए 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' है, जिसमें अखिलेश यादव 'चेयरमैन' और उनके परिवार के लोग 'डायरेक्टर' हैं। मौर्य शनिवार को गोंडा जिले में मनकापुर रियासत के पूर्व राजा और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री दिवंगत कुंवर आनंद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके पुत्र केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं सांसद कीर्तिवर्धन सिंह तथा परिजनों से भेंटकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मौर्य ने दावा किया कि भाजपा 2027 में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) या कांग्रेस चाहे मिलकर लड़ें या अलग-अलग, उनका हाल वही होगा जो 2017 में हुआ था। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका पीडीए 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' है, जिसमें अखिलेश यादव चेयरमैन और उनके परिवार के लोग डायरेक्टर हैं। यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) एकता पर जोर दिया और प्रदेश की 80 लोकसभा सीट में कांग्रेस के साथ मिलकर 43 सीट पर जीत दर्ज की।

## उत्तर प्रदेश के देवरिया में सड़क हादसे में एक व्यक्ति और उसके दादा की मौत

**देवरिया (उप्र) :** देवरिया में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन चौराहे के पास शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को प्रिंस (20) अपनी दादी के अंतिम संस्कार के बाद दादा गुलाब (55) को रुद्रपुर स्थित दुग्धेश्वर नाथ मंदिर छोड़ने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव ने बताया कि रामलक्षन चौराहे के पास सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे प्रिंस की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसके दादा को घायल अवस्था में देवरिया मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान रास्ते में गुलाब ने भी दम तोड़ दिया।

# कांग्रेस ने बिहार में 'बिगड़ती' कानून-व्यवस्था के लिए मोदी और शाह को जिम्मेदार बताया

**पटना :** कांग्रेस ने बिहार में कथित तौर पर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में प्रशासन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए आगाह किया कि अगर निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बावजूद आधार कार्ड और राशन कार्ड को चुनावी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची में शामिल नहीं किया तो पार्टी नया आंदोलन शुरू करेगी। हाल ही में राज्य में गंभीर अपराधों में हुई वृद्धि पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर अल्लावरु ने कहा, 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में प्रशासन को नियंत्रित नहीं करते। यहां नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का शासन चलता है। इसलिए, बिहार को भारत की अपराध राजधानी बनाने के लिए इन दोनों लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'उच्चतम न्यायालय की ओर से यह स्पष्ट किए जाने के बाद कि आधार कार्ड और राशन कार्ड को स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए, हम जारी एसआईआर प्रक्रिया पर कड़ी नजर रख रहे हैं। अगर निर्वाचन आयोग समय रहते जरूरी कार्रवाई नहीं करता है।।। तो हम फिर से सड़कों पर उतरेंगे।'

## झारखंड के कुछ हिस्सों के लिए 13 से 15 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी

**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के कुछ हिस्सों में 13 से 15 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना के मद्देनजर 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य भर में 15 जुलाई तक रुक-रुक कर बारिश जारी रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि लातेहार, लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के कुछ हिस्सों के लिए 13 जुलाई को और पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में 14 जुलाई के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

# पटना में कार नहर में गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, दो घायल



**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के रानीतालाब इलाके में शनिवार को एक कार के नहर में गिर जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान निर्मला देवी (52), नीतू सिंह (35) और अष्टित्वा सिंह (10) के रूप में हुई है। यह दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे सराय गांव में हुई। रानीतालाब थाने के प्रभारी प्रमोद कुमार ने संवाददाताओं से कहा, 'छत्तीसगढ़ से एक ही परिवार के पांच सदस्य कार में यात्रा कर रहे थे। चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन नहर में गिर गया। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।'

## चिराग को सोशल मीडिया पर मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस में शिकायत दर्ज

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को एक इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने 'एक्स' हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज करायी गई शिकायत का एक स्क्रीनशॉट भी साझा किया। भट्ट ने अपनी शिकायत में 'टाइगर मेराज इदरीसी' नामक एक व्यक्ति की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को 'बम से उड़ाने' की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने शिकायत मामले में जांच का आदेश दिया है।

# जमशेदपुर में चक्रधरपुर के विधायक प्रतिनिधि पर गोलीबारी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ गुड्डू पर गोलीबारी में कथित रूप से शामिल मुख्य हमलावर समेत तीन लोगों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने बताया कि गुड्डू को बृहस्पतिवार रात जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के खाओ गली में मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने गोली मार दी। एसएसपी ने बताया कि अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पांडे ने कहा कि एकत्रित जानकारी और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मुख्य हमलावर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक स्वचालित पिस्तौल, तीन कारतूस और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी जारी है। एसएसपी ने घटना को सुनियोजित बताते हुए कहा कि गोलीबारी का उद्देश्य हिंदू संगठन के नेता कमलदेव गिरि की हत्या का बदला लेना था, जिनकी 2022 में चक्रधरपुर शहर में हत्या कर दी गई थी।

# तेजस्वी के आवास पर 'इंडिया' गठबंधन की छह घंटे तक बैठक, बिहार चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा

**पटना :** बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने शनिवार को यहां एक लंबी बैठक की, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा इस वर्ष के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा हुई। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के आवास पर यह बैठक करीब छह घंटे तक चली। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, "हां, सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू हो गई है। लेकिन मैं अभी और विवरण नहीं दे सकता। विचार-विमर्श एक आंतरिक मामला है और जब चीजें अंतिम रूप ले लेंगी, तो हम इसे सार्वजनिक कर देंगे।" उनके 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार होने की



संभावना है। राष्ट्रीय जनता दल(राजद) नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जद(यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार "नकलची" है जो युवा आयोग के गठन और वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने जैसे उनके विचारों को चुरा रही है। तेजस्वी ने कहा, "मुझे यकीन है कि 'माई बहिन सम्मान योजना' भी जल्द ही उनके द्वारा नकल कर ली जाएगी।" उन्होंने वादा किया है कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर वह राज्य की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक भत्ता देंगे। तेजस्वी ने दावा किया कि लोग राजग सरकार से तंग आ चुके हैं, जिसमें "दूरदर्शिता" का अभाव है और वह कानून-व्यवस्था बनाये रखने में असमर्थ है। उनका ध्यान जब इस ओर आकृष्ट कराया गया कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जैसे राजग सहयोगी भी बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करने लगे हैं, तो राजद नेता ने पलटवार करते हुए कहा, "उन्हें केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि बिहार में 'जंगल राज' है।"

# झारखंड में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

**रांची :** झारखंड के दो जिलों में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिले में हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की पहचान शक्तिसेन महतो (52) और संतोष महतो (55) के रूप में हुई है। राजनगर थाने के प्रभारी चंचल कुमार ने बताया कि शक्तिसेन महतो दोपहर में धान के खेत से घर लौट रहे थे, तभी वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से झुलसे महतो को पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में एक टावर के पास शरण लिये संतोष महतो आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलस गए। उन्होंने बताया कि संतोष को राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तीसरी घटना में शनिवार को लोहरदगा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना कुडू थाना क्षेत्र के फुलसुरी गांव में उस समय घटी जब वह खेत में धान की रोपाई कर रहा था।

## वर्ग पहेली नं। 3151

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | | | ■ | | ■ | |
| 7 | | 8 | | ■ | 9 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 18 | | 19 | | ■ | 20 | | | 21 |
| 22 | | ■ | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 24 | | | | ■ | 25 | | |

**बायें से दायें:-** 1) पछतावा, 3) मजमेबाज़; तमाशाई, 6) तख़्ता, 7) झरने के प्रवाह की कोमल और मधुर ध्वनि, 9) बुद्धपुत्र, 10) पेड़ के सूखे पत्ते, 12) पैर का खटका, 14) एक दिन, 16) पानी का सोता, 17) साँप का ज़हर, 18) नज़र बचाकर निकल जाना, 20) झाड़ू, 22) मृत्यु; सीमा, 23) बरस, 24) पूर्वनिर्धारित, 25) कोशिश.

**ऊपर से नीचे:-** 1) ज़्यादा, 2) कामयाबी, 3) झगड़ा, 4) छिलका; चेहरे की बनावट, 5) हत्याकांड, 8) बेईमानी, 11) सुंदर स्त्री, 12) पचास प्रतिशत, 13) शरारत, 14) एक चिड़िया, 15) बंदर, 19) राष्ट्र का, 21) फीका, 22) गोलाकार पिंड जिसमें से पक्षी का जन्म होता है, 23) भोला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | ■ | नि | क | ट | ■ | पो | ■ | अ | रे |
| हा | ■ | रा | ■ | ह | म | ला | व | र | ■ |
| व | ह | म | ■ | ल | ज्जा | ■ | ■ | मा | रे |
| सा | ■ | य | मु | ना | ■ | आ | न | न | ■ |
| न | या | ■ | न्ना | ■ | वा | प | सी | ■ | स |
| ■ | द | मा | ■ | बं | द | ■ | ह | त्या | रा |
| उ | गा | ह | ना | ■ | वि | ग | त | ■ | य |
| द | र | ■ | प | रे | वा | ■ | ■ | ना | ■ |
| र | ■ | च | ना | ■ | द | क्रि | या | नू | स |

## सुडोकू-पहेली-3108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 3 | | | 1 |
| | | | | 1 | 5 | 8 | | |
| 1 | 9 | | | | | | 2 | 3 |
| | 7 | 3 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 9 | |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 9 | | | 2 | | | | | |
| 2 | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3107 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |



# ‘किसी ने प्रताड़ित नहीं किया, बेटी ठीक हैं’

## पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म के आरोप से किया इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा**

आईआईएम कोलकाता के जोका कैंपस स्थित ब्वॉयज हॉस्टल में एक युवती से कथित यौन उत्पीड़न के मामले में नया मोड़ आ गया है। शुक्रवार की रात हरिदेवपुर थाने में दर्ज एफआईआर के कुछ ही घंटों बाद शनिवार की दोपहर को युवती के पिता ने मीडिया के सामने आकर कहा कि उनकी बेटी से कोई अत्याचार या दुष्कर्म नहीं हुआ है। इस दिन, दोपहर लगभग 1 बजे युवती के पिता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शुक्रवार की रात 9:34 बजे उन्हें बेटी का फोन आया था, जिसमें बताया गया कि वह ऑटो से गिर गई है और बेहोश हो गई।

शुरुआत में, उन्हें यह भी नहीं पता था कि बेटी कहां है। बाद में, जानकारी मिली कि उसे हरिदेवपुर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया और फिलहाल वह एसएसकेएम अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बेटी से किसी प्रकार की कोई जोर-जबरदस्ती या गलत व्यवहार नहीं हुआ। उसके साथ दुष्कर्म नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि फिलहाल उनकी बेटी सो रही है क्योंकि उसने पूरी रात नींद नहीं ली थी। जब युवती के पिता से पूछा गया कि फिर एफआईआर क्यों दर्ज की गई, तो उन्होंने कहा कि आरोपित युवक से उनकी बेटी की कोई जान-पहचान नहीं थी। उनका यह भी कहना है कि उनकी बेटी सिर्फ अपने संस्थान से संबंधित एक दस्तावेज जमा करने के लिए वहां गई थी।

### सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध : आईआईएम कलकत्ता



परिसर में कथित दुष्कर्म की घटना के बाद भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम)-कलकत्ता ने शनिवार को कहा कि संस्थान ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करता और परिसर में सुरक्षित तथा सम्मानजनक माहौल बनाए रखने के लिए दृढ़ है। संस्थान ने कहा कि मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है और अधिकारी कानूनी एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। आईआईएम-कलकत्ता के प्रभारी निदेशक सैबाल चट्टोपाध्याय ने एक बयान में कहा कि संस्थान यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यक्तियों की गरिमा, सुरक्षा और गोपनीयता की रक्षा करते हुए उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए। उन्होंने एक बयान में कहा कि हम यह पुष्टि करना चाहते हैं कि भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता ऐसी घटनाओं कतई बर्दाश्त नहीं करता तथा परिसर में सुरक्षित व सम्मानजनक माहौल को बनाए रखने के लिए दृढ़ है। हम चल रही जांच प्रक्रिया का समर्थन करने और संस्थागत प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। बयान में कहा गया कि हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे अटकलबाजी करने या असत्यापित जानकारी प्रसारित करने से बचें, क्योंकि इससे और अधिक भ्रम पैदा हो सकता है एवं जांच में बाधा आ सकती है, तथा जांच प्राधिकारियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से अपनी जिम्मेदारियां निभाने का अवसर दें। जांच के दौरान, हम इस समय और कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन स्थिति पर बारीकी से नजर रखेंगे और कानून तथा हमारी आंतरिक नीतियों के अनुरूप आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई करेंगे। चट्टोपाध्याय ने कहा कि प्रशासन को एक छात्र से जुड़ी गंभीर शिकायत के बारे में अवगत कराया गया है, हालांकि शिकायतकर्ता संस्थान का नहीं है और मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं, जो वर्तमान में जांच कर रहे हैं। संबंधित व्यक्ति को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है और कानूनी प्रक्रिया चल रही है।

### यात्री के ‘दुर्घटनावश’ पटरियों पर गिरने से कोलकाता मेट्रो सेवा बाधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेंट्रल स्टेशन पर शनिवार को एक व्यक्ति के दुर्घटनावश पटरी पर गिर जाने से कोलकाता मेट्रो की सेवाएं एक घंटे तक बाधित रहीं। घटना के चलते सुबह 11.50 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक ‘ब्लू लाइन’ पर कवि सुभाष (न्यू गरिया)-मैदान और दक्षिणेश्वर-गिरीश पार्क के बीच मेट्रो सेवा बाधित रही। मेट्रो रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुबह करीब 11.50 बजे व्यक्ति के दुर्घटनावश पटरियों पर गिरने के बाद बचाव कार्य और जल्द से जल्द पूर्ण सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हमें तीसरी लाइन के ‘पॉवर कनेक्शन’ को बंद करना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि युद्धस्तर पर अभियान चलाए जाने के बाद संपूर्ण दक्षिणेश्वर-कवि सुभाष (न्यू गरिया) खंड पर दोपहर 12.50 बजे से सेवाएं फिर से शुरू हो गईं।

**आवश्यकता**

❑ कपड़े के शोरूम में कैशियर की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा वेतन संपर्क करें- 9330112634.

---------------------

❑ सेल्समैन की आवश्यकता है, जिन्हें साड़ी, सूट और ड्रेस मटेरियल की जानकारी हो। Attractive Salary. Age Limit- 45 Years- 9836991752.

# भांगड़ हत्याकांड: मृत तृणमूल नेता की पत्नी को सरकारी नौकरी का आश्वासन

## शौकत मोल्ला ने की ‘अस्त्रमुक्त’ भांगड़ की मांग



**कोलकाता :** भांगड़ में मारे गए तृणमूल कांग्रेस नेता रज्जाक खां की हत्या के 48 घंटे के भीतर उनकी पत्नी को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से ग्रुप-डी की नौकरी देने की घोषणा की गई है। शनिवार को कैनिंग पूर्व से तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नौकरी देने की स्वीकृति दे दी है, हम सोमवार को सभी दस्तावेज जमा करेंगे।

इसके साथ ही शौकत मोल्ला ने भांगड़ को ‘अस्त्रमुक्त’ करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा, भांगड़ में किसी भी राजनीतिक रंग को देखे बिना तलाशी अभियान चलाया जाए और हथियार बरामद किए जाएं। नहीं तो कई और माताओं की गोद सूनी हो जाएगी। पहले भी आईएसएफ के ठिकानों से बम और हथियार मिले हैं। समाजविरोधी तत्वों ने भांगड़ को हथियारों की फैक्ट्री बना दिया है।

उन्होंने विरोधी दलों के कुछ नेताओं पर ‘दलाली’ और समाजविरोधियों को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया। दूसरी ओर, आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हम भी भांगड़ को बम और गोली से मुक्त देखना चाहते हैं, लेकिन शौकत मोल्ला इस दुखद घटना पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि भांगड़ के चालताबेरिया क्षेत्र के तृणमूल अध्यक्ष रज्जाक खां को गुरुवार रात पार्टी बैठक से लौटते समय अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी थी। हमलावरों ने तीन गोलियां चलाईं और बाद में धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या की पुष्टि की। घटना थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर हुई, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शनिवार को भी फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मेटल डिटेक्टर से जांच की। पुलिस रज्जाक खां के कॉल रिकॉर्ड्स की भी जांच कर रही है।

# मतदाता सूची में घुसे ‘बांग्लादेशी नागरिक’? पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक मामलों की जाँच शुरू

## आयोग ने हटाने की प्रक्रिया शुरू की

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में फर्जी बांग्लादेशी नागरिकों के भारतीय मतदाता सूची में नाम शामिल होने को लेकर चुनाव आयोग को गंभीर शिकायतें मिली हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय ने इन शिकायतों की पुष्टि करते हुए मतदाता सूची से ऐसे नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मई 2025 से अब तक विदेशी नागरिकों के पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) से 200 से अधिक शिकायतें मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय को भेजी गई हैं, जिनमें कथित बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल होने की बात कही गई है। आयोग को प्रतिदिन औसतन तीन से चार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनके साथ बांग्लादेशी पासपोर्ट, भारतीय मतदाता पहचान पत्र और अन्य फर्जी दस्तावेज भी संलग्न हैं।

शिकायतों में जिन जिलों के नाम सबसे ज़्यादा सामने आए हैं, वे हैं-नदिया, मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जैसे सीमा से सटे जिले, साथ ही कोलकाता शहर। इन दस्तावेज़ों में इन फर्जी मतदाताओं के पते भी इन्हीं जिलों से दर्ज हैं।

राज्य चुनाव आयोग ने इन मामलों की ज़मीनी जांच के लिए संबंधित जिलों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारियों को जांच सौंपी है। कई मामलों में शिकायत सही साबित हुई है और फर्जी मतदाता बांग्लादेशी नागरिक पाए गए हैं। अब ऐसे नामों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू कर दी गई है।

चुनाव आयोग का यह कदम आगामी चुनावों की पारदर्शिता और वैधता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**श्रद्धांजलि सभा**



जन्म
1 जून
1962

प्रयाण
26 जून
2025

श्री बाल हनुमानजी के अनन्य भक्त, अखण्ड भक्तिपूंज

**स्व. दिलीप कुमार अग्रवाल**


-: श्रद्धांजलि सभा :-
रविवार, 13 जुलाई 2025 ( दोपहर 2 से सायं 4 बजे )
स्थान : श्री बाल हनुमान मंदिर सभागार ( 4 तल्ला )
358, लेकटाउन, ब्लॉक-ए, कोलकाता-700 089

अवनी ऑक्सफोर्ड फेज-1 सदस्यवृन्द
बांगुड़ एवेन्यू संसद
ईस्ट कोलकाता नागरिक फाउण्डेशन
राजस्थान ब्राह्मण संघ
श्री नारायण गुरु भक्त मण्डल, कोलकाता
श्री श्याम परिवार, तुलसीधाम-कोलकाता
श्री तोलियासर भैंरव बाबा, रिसड़ाधाम
श्रीभूमि विकास मंच
श्रीभूमि संसद
विप्र फाउण्डेशन ( पश्चिम बंगाल )
अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा

**श्री बाल हनुमान मंदिर परिवार**
**श्री बाल हनुमान (लाल बाबाजी) सेवा ट्रस्ट**

**TRADITION OF EXCELLENCE**
**A FUTURE OF PROMISE**




“Shaping leaders of tomorrow, offering a rich tapestry of academics and co-curricular activities.”

The School offers following academic qualifications
ICSE | ISC | IBDP | IGCSE | Cambridge Lower Secondary Curriculum
CISCE | ib Diploma Programme | CAMBRIDGE International Education Cambridge International School

25 THE HERITAGE
Nurturing Excellence

**The Heritage School**
A Co-educational, Inclusive Day-boarding School
(ISO 9001:2008 & ISO 22000:2005 Certified)
994, Madurdaha, Chowbaga Road, Anandapur, Kolkata - 700 107
+91 33 66270555 | 9830022250 admissions@theheritageschool.org www.theheritageschool.org

Online REGISTRATION OPENS 16th - 22nd JULY 2025

ADMISSIONS OPEN
ACADEMIC SESSION 2026-27

| Class | Age | Eligible Date of Birth |
|---|---|---|
| Pre-Nursery | 3 yrs + | 01.04.2022 to 31.03.2023 |
| Nursery | 4 yrs + | 01.04.2021 to 31.03.2022 |
| Class I | 6 yrs + | 01.04.2019 to 31.03.2020 |

Other Educational Initiatives : Heritage Institute of Technology www.heritageit.edu | Heritage Business School www.hbs.edu.in | The Heritage Academy www.tha.edu.in | Heritage Law College www.hlc.edu.in | The Heritage College www.thc.edu.in

# स्नातक प्रवेश के लिए कलकत्ता विश्वविद्यालय को मिले सबसे अधिक आवेदन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कॉलेजों में स्नातक प्रवेश के लिए केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल के शुभारंभ के बाद से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। नई ऑनलाइन प्रणाली के आंकड़े बताते हैं कि राज्य के 17 विश्वविद्यालयों में, आवेदनों की संख्या के मामले में कलकत्ता विश्वविद्यालय शीर्ष पर है। राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, कलकत्ता विश्वविद्यालय के अंतर्गत अब तक 6,47,587 आवेदन जमा किए गए हैं, जो राज्य भर में प्राप्त कुल 19,36,329 आवेदनों के एक तिहाई से भी अधिक है। कलकत्ता विश्वविद्यालय के बाद, गौड़बंग विश्वविद्यालय (2,24,536), बर्दवान विश्वविद्यालय (2,04,248) और कल्याणी विश्वविद्यालय (1,93,472) हैं। उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय और पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय से आवेदनों की संख्या भी एक लाख से अधिक है। दूसरी ओर, विद्यासागर विश्वविद्यालय को 95,096, काजी नजरूल विश्वविद्यालय को 59,515 और बांकुड़ा विश्वविद्यालय को 53,032 आवेदन प्राप्त हुए है। नए और छोटे विश्वविद्यालय सूची में सबसे नीचे हैं। अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय को केवल 5,207 आवेदन, मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय को 15,014 और रायगंज विश्वविद्यालय को 16,289 आवेदन प्राप्त हुए है। डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय और संस्कृत कॉलेज एवं विश्वविद्यालय को प्राप्त आवेदनों की संख्या और भी कम है – क्रमशः 708 और 648।



कलकत्ता विश्वविद्यालय में आवेदनों में वृद्धि के पीछे समय सीमा का विस्तार भी एक प्रमुख कारण है। पहले की समय सीमा 1 जुलाई से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दिए जाने के बाद लगभग 20,000 नए छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस विस्तार के परिणामस्वरूप ही 1.1 लाख अतिरिक्त आवेदन जमा हुए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, 1 जुलाई तक कुल 3,25,342 छात्रों ने 18,24,914 आवेदन जमा किए थे, लेकिन 10 जुलाई तक यह संख्या बढ़कर 3.41 लाख छात्रों और 19,36,329 आवेदनों तक पहुंच गई।

## बेलदा में ट्रक और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा के रानी सराय इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर शनिवार की सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 6 बजे 60 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानी सराय इलाके में हुआ, जब एक चार पहिया वाहन की एक ट्रक के साथ आमने सामने की टक्कर हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक चार पहिया वाहन आसनसोल से खड़गपुर होते हुए दीघा की ओर जा रहा था। वाहन में चालक समेत कुल चार लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार तेज गति से चल रही थी और अचानक ही चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन विपरीत लेन में घुस गया। उसी समय सामने से आ रहे एक ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही बेलदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। गैस कटर की सहायता से वाहन के अंदर फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला गया और तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले जाया गया है। अब तक मृतकों में से एक की पहचान अतनु गुहा के रूप में हुई है। वह आसनसोल के निवासी थे। पुलिस अन्य तीन मृतकों की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चारों मृतक पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल के निवासी थे। ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है, हालांकि ट्रक चालक और खलासी पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### लाभपुर में हुए बम विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई तीन

**बीरभूम :** जिले के लाभपुर के हातिया गांव में हुए बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। बता दें कि पिछले महीने 21 जून को हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी और तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बम पीड़ितों में से शेख रजीबुल (22) की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शेख आलमगीर और शेख साबिर की पहले ही मौत हो चुकी थी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने की 21 जून को बीरभूम के लाभपुर थाना अंतर्गत हातिया गांव में इलाके पर कब्जे को लेकर तृणमूल के दो गुटों में झड़प हो गई थी। इस दौरान भारी बमबारी हुई और बम बांधते समय हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, तीन घायलों का बर्दवान के नवाबहाट के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। इस दिन, शेख रजीबुल नाम के युवक की आज मौत हो गई।

## एसएससी शिक्षक भर्ती: आवेदन की समयसीमा बढ़ेगी एक सप्ताह

### अब 21 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) द्वारा जारी नई शिक्षक भर्ती अधिसूचना के तहत आवेदन की समयसीमा 14 जुलाई से बढ़ाकर अब 21 जुलाई तक की जा सकती है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

एसएससी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 16 जून 2025 से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब तक 4 लाख से अधिक आवेदन जमा हो चुके हैं। एसएससी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षक भर्ती पैनल को रद्द किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका (रिव्यू



पिटिशन) दायर कर रही है, जिसकी सुनवाई जुलाई के अंत में हो सकती है। इसके अलावा ओबीसी आरक्षण से जुड़ी तकनीकी वजहों के चलते पोर्टल चार दिन तक बंद रहा, जिससे कई उम्मीदवार आवेदन नहीं कर सके। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवेदन की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, ताकि राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अधिक अवसर मिल सके।

## बीरभूम में जंगल से अज्ञात युवती का फंदे से लटकता शव बरामद

**❑ शव के पास रूमाल, जूते और पानी की बोतलें बरामद**

**बीरभूम :** बीरभूम जिले के सदाईपुर थाना इलाके में एक जंगल में एक अज्ञात युवती का फंदे से लटकता शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। शव के पास रूमाल, जूते और पानी की बोतलें बिखरी हुई थीं। तो क्या युवती से दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई या कुछ और? पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह स्थानीय निवासियों ने बक्रेश्वर नील निर्जन जलाशय से राजगंज-करमकल जाने वाली सड़क पर राधामाधवपुर गांव के पास जंगल में शव पड़ा देखा। इसकी सूचना सदाईपुर थाने को दी गई। पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिउड़ी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भेज दिया गया। पता चला है कि बरामद युवती की उम्र 25-30 वर्ष है। उसका नाम और पहचान अभी तक ज्ञात नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार को दुबराजपुर के वार्ड एक में मेला लगा था। उस मेले में दूर-दूर से लोग जुटे थे। यह युवती संभवतः उसी मेले में आई थी। स्थानीय लोगों में से कोई भी युवती को नहीं पहचान पा रहा है। स्थानीय निवासियों को संदेह है कि वह इस इलाके की निवासी नहीं है। हालांकि, इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि युवती मेला स्थल से काफी दूर जंगल में कैसे पहुंची। शुरुआत में, पुलिस को शक है कि उसकी हत्या की गई है। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कैसे। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ था या नहीं। अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं है कि इस घटना में कौन या क्या शामिल हो सकता है। जांचकर्ताओं ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक यह पुष्टि करना संभव नहीं है कि युवती की मौत कैसे हुई। पुलिस ने घटनास्थल को घेर लिया है। जांचकर्ता प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत कर रहे हैं।



## श्रावणी मेला के पहले दिन हावड़ा मंडल में तीर्थयात्रियों की भीड़ और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तारकेश्वर स्टेशन पर 10 जुलाई को मनाए गए श्रावणी मेले के पहले दिन तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। तारकेश्वर और शिउराफुली स्टेशनों पर कुल 65,754 यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 58,123 यात्रियों की तुलना में एक उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। इस तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या ने टिकटिंग राजस्व में भी उल्लेखनीय इजाफा किया। शिउराफुली और तारकेश्वर दोनों स्टेशनों से इस वर्ष कुल 5,94,135/- का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष इसी दिन 4,46,285/- था। यह वृद्धि यात्रियों की अधिक भागीदारी और टिकटिंग प्रणाली में सुधार के कारण संभव हो पाई है। इन उपायों में 6 मोबाइल यूटीएस इकाइयों की तैनाती, डिजिटल टिकटिंग के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप का प्रचार-प्रसार, ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनों पर डिजिटल भुगतान की सुविधा, सभी टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड-आधारित भुगतान व्यवस्था तथा 10 अतिरिक्त टिकट काउंटरों की स्थापना शामिल रही, जिससे प्रतीक्षा समय को कम करने में मदद मिली और भारी मांग को सफलतापूर्वक संभाला जा सका।



# पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेले के लिए तारकेश्वर स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने श्रावणी मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए तारकेश्वर रेलवे स्टेशन पर व्यापक सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। इन उपायों का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और स्टेशन परिसर में निर्बाध आवागमन बनाए रखना है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1ए के पास एक विशाल होल्डिंग एरिया बनाया गया है, जहां से हावड़ा और शिउराफुली दिशा की ट्रेनों में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का नियोजित प्रवेश कराया जाएगा। वहीं, आरामबाग और गोघाट की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए बस स्टैंड साइड (द्वितीय प्रवेश द्वार) से स्टेशन में प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

प्लेटफॉर्म-वार ट्रेन संचालन की योजना के तहत हावड़ा/शिउराफुली जाने वाली ट्रेनों का प्रस्थान प्लेटफॉर्म नंबर 01 और 01ए से तथा आरामबाग/गोघाट की ट्रेनों का प्रस्थान प्लेटफॉर्म 02 और 03 से होगा। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए हैं, जिससे भीड़भाड़ की स्थिति न उत्पन्न हो।

यात्रियों को सुविधाजनक टिकटिंग अनुभव देने के लिए मंदिर साइड, बस स्टैंड साइड और बैरिकेडेड क्षेत्रों में ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन चालू रहेंगे। साथ ही स्टेशन में अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित किए गए हैं, जिससे क्रॉस मूवमेंट से बचा जा सके। यात्रियों को बस स्टैंड पहुंचने के लिए एलसी गेट नंबर 24 और 25 का उपयोग करने की सलाह दी गई है। आरपीएफ द्वारा स्टेशन पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यात्रियों की सहायता हेतु पर्याप्त बल की तैनाती की जा रही है।

## शादी के चर्चाओं से रंगा नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो एपिसोड

**कोलकाता, समाज्ञा**

नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 3 के दूसरे एपिसोड में 'मेट्रो इन दिनों' की स्टारकास्ट ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस एपिसोड में अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, अली फजल, फातिमा सना शेख और निर्देशक अनुराग बासु साथ में मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान कपिल शर्मा ने मजाकिया अंदाज में आदित्य रॉय कपूर से उनकी डेट्स के बारे में सवाल किए, जो शूटिंग शेड्यूल की तरफ इशारा था। आदित्य ने हंसते हुए बताया कि उन्होंने 'फितूर', 'सड़क 2' और 'नाइट मैनेजर' में काम किया, जिनमें उनके साथ काम करने वाले कलाकारों की शादी हो चुकी है।

इसी पर सारा अली खान ने चतुराई से जवाब दिया कि उन्होंने भी कई अभिनेताओं के साथ काम किया जिनकी शादी हो गई, इसलिए आदित्य को सचमुच सावधान रहना चाहिए।

इस हाजिरजवाबी और मजेदार बातचीत ने दर्शकों को खूब हंसाया।

यह एपिसोड 28 जून को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हुआ और मनोरंजन की भरपूर डोज पेश की।

# दो नाबालिगों की सामूहिक पिटाई का वीडियो वायरल

### एयर गन से धमकाने और दुकानों में तोड़फोड़ के आरोप

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दांतन से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दो नाबालिग लड़कों को दिनदहाड़े रस्सी से बांधकर पीटा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उनके हाथ में एक बंदूक जैसी कोई वस्तु भी थी। शुक्रवार की शाम यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, दांतन दो नंबर ब्लॉक के रसूलपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर दो नाबालिग लड़के गांव की एक दुकान से माचिस खरीदने गए थे। आरोप है कि दुकान बंद होने के कारण उन्होंने जबरदस्ती दुकान में घुसने और उसमें तोड़फोड़ करने की कोशिश की। इसी दौरान उन्होंने लोगों को डराने के लिए अपने हाथ में मौजूद बंदूक लहराई। इस हरकत से गुस्साए स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों लड़कों को पकड़ लिया, उन्हें रस्सी से बांध दिया और जमकर पिटाई की। यह पूरी घटना किसी ने कैमरे में रिकॉर्ड कर ली और फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दांतन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों लड़के दांतन के साबरा इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिगों के पास जो बंदूक थी, वह असली नहीं थी बल्कि एक एयरगन थी, जिसे वे केवल डराने के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खड़गपुर और रांची में रोजगार मेला, नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए



**कोलकाता :** देशभर में शनिवार को 47 स्थानों पर 16वां रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत खड़गपुर और रांची में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। खड़गपुर में 155 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक हिरण्मय चट्टोपाध्याय उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक के.आर. चौधरी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। रांची में आयोजित मेले में 172 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि रहे। सांसद आदित्य प्रसाद, विधायक सी.पी. सिंह और सुरेश कुमार बैठा, रांची रेल मंडल प्रबंधक जसमीत बिंद्रा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। रोजगार मेला सरकार की उस पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर देना, कौशल को बढ़ावा देना और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

## वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के भव्य कार्यक्रम पधारो सा कोलकाता प्रदेश का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पधारो सा कोलकाता प्रदेश कार्यक्रम एवं तृतीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय स्तर से पधारे कई सम्माननीय अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष कल्पना गगरानी, शोभा सादानी, राष्ट्रीय पूर्वांचल संयुक्त मंत्री निशा लढ़ा तथा राष्ट्रीय समिति प्रभारी (स्वयंसिद्धा) निर्मला मल्ल मंचासीन रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश के जयकारों के साथ महेश वंदना की भक्ति-पूर्ण प्रस्तुति से हुई।



प्रदेश की सभी अंचलों की सखियों ने पारंपरिक पोल सजाकर, ढोल-नगाड़ों के साथ, नृत्य करते हुए रंग-बिरंगे स्वागत के माध्यम से सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री कुसुम मुंदड़ा ने किया, जिन्होंने मंच संचालन करते हुए सभी पदाधिकारियों को मंचासीन कराया और स्वागत माला व उपरणा पहनाकर उनका सम्मान किया। प्रदेश अध्यक्ष मंजू पेडीवाल ने अपने ओजस्वी स्वागत भाषण में सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कुसुम मुंदड़ा ने प्रदेश की प्रमुख गतिविधियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संगठन की उपलब्धियों को रेखांकित किया। राष्ट्रीय पूर्वांचल संयुक्त मंत्री निशा लढ़ा ने संक्षिप्त किन्तु प्रभावशाली उद्बोधन में अपने भाव व्यक्त किए।

प्रदेश उपाध्यक्ष दीपा लखोटिया ने मुख्य अतिथि ज्योति राठी का परिचय मधुर शब्दों में दिया। श्रीमती राठी ने नेतृत्व, संगठन और आत्मविकास पर अपने प्रेरणादायक विचार रखते हुए महिलाओं को नई दिशा देने का संदेश दिया। राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष कल्पना गगरानी ने सफल जीवन की मिसालों पर आधारित उत्तेजक वक्तव्य देकर सभी को प्रेरित किया। वहीं, शोभा सादानी ने संगठन में युवतियों की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। सभी जिलों की अध्यक्षों एवं मंत्रियों ने मंचासीन पदाधिकारियों को पारंपरिक दुपट्टा पहनाकर हृदय से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति बियानी द्वारा दिए गए भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय समिति प्रभारी (स्वयंसिद्धा) निर्मला मल्ल, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य वर्षा डागा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शुभांगी राठी, पूर्व अध्यक्ष जमुना हेड़ा, पूर्वांचल समिति सह प्रभारी पारुल साबू, युगल सिद्धा वर्षा मूंदड़ा, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री सुशीला बागड़ी, प्रदेश संयुक्त मंत्री चित्रा माहेश्वरी सहित सभी जिलों की अध्यक्ष, मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे। यह आयोजन नारी शक्ति, परंपरा और नेतृत्व का जीवंत उदाहरण बन गया।

## मेट्रो स्टेशन पर अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित, आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं कर्मचारी

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए लगातार विभिन्न उपायों को अपनाती आ रही है। महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी स्वयं नियमित रूप से 'कोलकाता की जीवनरेखा' के रूप में जानी जाने वाली मेट्रो की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हैं, ताकि किसी भी अप्रिय दुर्घटना-विशेषकर आगजनी जैसी घटनाओं से बचा जा सके।

इसी क्रम में, सुरंगों और वायाडक्ट में आग लगने जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की जांच के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी उद्देश्य से 11 जुलाई 2025 को माजेरहाट मेट्रो स्टेशन पर फील्ड स्टाफ के लिए एक विशेष अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में ट्रैफिक विभाग के कर्मचारी और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के जवानों ने हिस्सा लिया। इसमें कर्मचारियों को आग और धुएं की विभिन्न स्थितियों का अनुकरण कर आग बुझाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।



प्रशासन को उम्मीद है कि ऐसे प्रशिक्षण से फील्ड स्टाफ की सतर्कता और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और अधिक मजबूत होगी, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों में समय की बचत हो सके और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल की जा सके।

# कलकत्ता बॉयज स्कूल में कोलकाता का प्रतिष्ठित सांस्कृतिक महोत्सव 'कॉन्कॉर्ड 2025' का 43वां संस्करण हुआ संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालयी सांस्कृतिक महोत्सव 'कॉन्कॉर्ड 2025' का 43वां संस्करण 8 से 10 जुलाई तक कलकत्ता बॉयज स्कूल में भव्य रूप से आयोजित हुआ। तीन दिवसीय इस महोत्सव में विद्यालय परिसर युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता से गूंजता रहा। पश्चिम बंगाल के 35 प्रमुख विद्यालयों ने भाग लेकर विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव की शुरुआत कलकत्ता बॉयज ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रधानाचार्य एवं सचिव राजा मैगी के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने 'कॉन्कॉर्ड' की गौरवशाली परंपरा को रेखांकित करते हुए इसे युवाओं के लिए एक प्रेरणास्पद मंच बताया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व सुदीपा चटर्जी रहीं।

पहले दिन वेस्टर्न बैंड स्पर्धा 'कन्वर्ज' में ऐडमस इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया, वहीं, वेस्टर्न डांस स्पर्धा 'कॉनफ्लैग्रेशन' में डॉन बॉस्को स्कूल, लिलुआ ने बास्केटबॉल थीम पर धमाकेदार प्रदर्शन किया। एकॉस्टिक कार्यक्रम 'कॉनसोनेंस' में सॉल्ट लेक स्कूल ने 'सैफायर' गीत की मधुर प्रस्तुति दी। फैशन शो 'कंज्योर' में ज्यूइश गर्ल्स स्कूल ने पारंपरिक वस्त्रों और प्राकृतिक रंगों से सज्जित रैम्प वॉक प्रस्तुत की, जबकि इंडस वैली वर्ल्ड स्कूल की भविष्यवादी अवधारणा ने सभी को चकित किया। फैन फिक्शन ड्रामा में कलकत्ता बॉयज स्कूल ने 'चिरोदिनी तुमी जे आमार' पर हृदयस्पर्शी प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं डॉन बॉस्को लिलुआ ने 'गॉडफादर' पर आधारित सशक्त नाटक प्रस्तुत किया। हालांकि, बारिश के चलते बास्केटबॉल और रस्साकशी प्रतियोगिताएं रद्द करनी पड़ीं, लेकिन प्रतिभागियों के जोश में कोई कमी नहीं आई।




दूसरे दिन पूर्वी संगीत, भक्ति गायन, दृश्य कविता, फोटोग्राफी और मूट कोर्ट जैसी प्रतियोगिताओं ने कला के विभिन्न रूपों को मंच पर उतारा, जहां विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सांस्कृतिक दृष्टिकोण की झलक देखने को मिली। महोत्सव का समापन 10 जुलाई को कला मंदिर सभागार में आयोजित भव्य समारोह के साथ हुआ, जिसकी मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गायिका श्रेष्ठा दास रहीं। इस दिन वेस्टर्न डांस और फैशन शो के फाइनल में प्रतिभागियों ने मंच पर रचनात्मकता, तालमेल और ऊर्जा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद हुए डीजे इवेंट और 'वेव्स इन टाउन' बैंड की जीवंत प्रस्तुति ने माहौल को संगीतमय बना दिया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन रिद्धिमान हलदर और लेस्ली ऐलेन ने किया। इस वर्ष की विजेता टीम कलकत्ता बॉयज स्कूल रही, डॉन बॉस्को लिलुआ ने दूसरा स्थान तथा ऐडमस इंटरनेशनल स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सियालदह में युवाओं के लिए अवसरों का उत्सव बना 16वां रोजगार मेला

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित 16वें 'रोजगार मेला' का उद्घाटन किया और 51,000 से अधिक नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कोलकाता में यह मेला सियालदह मंडल द्वारा डॉ. बी.सी. रॉय ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जरीना फिरदौसी, सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सुकांत मजूमदार ने कहा कि 'रोजगार मेला' युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि अब तक 10 लाख से अधिक नौकरियां इस पहल के माध्यम से दी जा चुकी हैं। श्री देउस्कर ने बताया कि रेलवे, केंद्र सरकार का सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। सियालदह मंडल में इस बार 251 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। रक्षा, सीमा शुल्क, डाक, खान, एआईआईएमएस, यूको बैंक, पीएनबी और अन्य मंत्रालयों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के दौरान 215 अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिनमें एक दिव्यांग भी शामिल था। युवाओं ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया और समारोह में उल्लासपूर्वक भाग लिया। यह मेला सरकार की युवाओं को सशक्त करने की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बना।



# बंडेल स्टेशन पर चला रेलवे का बुलडोजर, अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत की गई कार्रवाई

**हुगली, समाज्ञा :** बंडेल रेलवे स्टेशन पर वर्षों से रेलवे की जमीन पर चल रही अस्थायी दुकानों को शुक्रवार देर रात बुलडोजर चलाकर हटा दिया गया। यह कार्रवाई 'अमृत भारत स्टेशन परियोजना' के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास के लिए की गई। रेलवे प्रशासन का कहना है कि पहले कई बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था, जिसके चलते भारी पुलिस बल और आरपीएफ की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए यह कदम आवश्यक था।



हालांकि कार्रवाई शांतिपूर्ण रही, लेकिन इस दौरान पूर्व में चुंचुड़ा के विधायक असित मजूमदार ने झाड़ू लेकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया था और चेतावनी दी थी कि जबरन हटाने पर आंदोलन किया जाएगा।

अपनी रोजी-रोटी गंवाने से आहत दुकानदारों का कहना है कि वे लंबे समय से वहां व्यापार कर रहे थे और नियमित रूप से रेलवे को किराया तथा बिजली शुल्क भी अदा करते थे। कोरोना महामारी के बाद से उनकी आर्थिक स्थिति पहले ही डगमगा गई थी, और अब दुकानें उजड़ जाने से उनके समक्ष जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। एक दुकानदार ने दुख व्यक्त करते हुए कहा, हमारे पास दूसरा कोई सहारा नहीं है। यही दुकान हमारा सब कुछ थी।

इस मुद्दे पर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। विधायक असित मजूमदार ने इस कार्रवाई को 'अमानवीय' और 'संवेदनहीन' बताते हुए कहा कि रात के अंधेरे में इस तरह की कार्रवाई करना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, भाजपा नेता सुरेश साव ने विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर अतिक्रमण वैध होता, तो कोई तृणमूल नेता मौके पर जरूर मौजूद होता, लेकिन उन्हें भी पता है कि कब्जा गैरकानूनी था।

दुकानदारों ने अब प्रशासन से पुनर्वास की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें किसी वैकल्पिक स्थान पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए ताकि वे अपनी जीविका जारी रख सकें। फिलहाल रेलवे या जिला प्रशासन की ओर से पुनर्वास को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

इस संबंध में, **पूर्व रेलवे के सीपीआरओ दीप्तिमय दत्ता** ने कहा कि इस कार्रवाई के बाद वहां रुके हुए विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। साथ ही, रेलवे यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उनके अनुसार, वहां के लोगों ने कई बार विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न किया। इसके अलावा, रेलवे यात्रियों को आवाजाही में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता था। इससे यात्रियों के सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे थे।

## कोलकाता सोना आयात घोटाला : ईडी ने लिचेन मेटल्स और चार अन्य के खिलाफ कोर्ट में दायर की चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोलकाता क्षेत्रीय इकाई ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत लिचेन मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड और चार अन्य के खिलाफ 9 जुलाई को विशेष पीएमएलए कोर्ट, कोलकाता में अभियोजन शिकायत दाखिल की। ईडी ने यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत दायर एक आरोपपत्र के आधार पर शुरू हुई थी, जिसमें लिचेन मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड (एलएमपीएल) और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों और संस्थाओं को नामजद किया गया था। जांच में सामने आया कि एलएमपीएल के प्रतिनिधि श्याम सुंदर केडिया ने कोलकाता स्थित स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (एसटीसी) के शाखा प्रबंधक से 2,000 किलोग्राम सोने के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति मांगी थी। हालांकि, यह मांग सिर्फ एक अनुमान थी और इसे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं ने स्वीकार भी नहीं किया था, फिर भी एसटीसी के अधिकारियों ने षड्यंत्र के तहत इस मांग को दो हिस्सों में बांटकर (1,000–1,000 किलोग्राम) प्रस्तुत किया। इससे मंजूरी शाखा प्रबंधक के अधिकार क्षेत्र में आ गई और कॉर्पोरेट कार्यालय की अनुमति की आवश्यकता नहीं रही। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एसटीसी ने भारतीय स्टेट बैंक से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अग्रिम विदेशी मुद्रा कवर प्राप्त कर लिया, जबकि सोने का आयात वास्तव में हुआ ही नहीं। जांच में यह भी पाया गया कि एलएमपीएल और एसटीसी अधिकारियों ने केवल दो महीने बाद ही इस अग्रिम कवर को रद्द करवा दिया, जिससे कंपनी को 31.93 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ हुआ। इस मामले में 28 अगस्त 2024 को लिचेन मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड की 31.93 करोड़ रुपए की चल संपत्तियों को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से जब्त किया था। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## घाटाल में बाढ़ के पानी में डूबकर नाबालिग छात्रा की मौत, एक लापता

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल ब्लॉक के दीवानचक 1 ग्राम पंचायत के किस्मत कोतुलपुर गांव में शनिवार को बाढ़ के पानी में पहली कक्षा की छात्रा डूब गई। दोपहर में घाटाल प्रखंड के अजबनगर 2 ग्राम पंचायत के अजबनगर गांव निवासी छात्रा की खरीदारी से घर लौटते समय मौत हो गई। पहली कक्षा की छात्रा का नाम सुल्ताना खातून है। वह रघुनाथपुर बोर्ड प्राइमरी स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुल्ताना स्कूल जाने के बहाने पड़ोस के लड़कों के साथ नहाने जा रही थी, तभी वह बाढ़ के पानी में डूब गई। हालांकि, किसी को पता नहीं चला कि यह कब हुआ। बाद में, खबर मिलते ही इलाके के निवासियों ने बचाव कार्य शुरू किया। शव को बरामद करने के बाद उसे घाटाल अनुमंडल अस्पताल भेजा गया। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। दूसरी ओर, अजबनगर गांव निवासी निमाई डोगरा (46), जो खरीदारी का दो बैग लेकर घाटाल शहर से घर लौट रही थी, सड़क पर पानी में डूब गई। पुलिस और नागरिक सुरक्षा कर्मी स्पीडबोटों से बाढ़ के पानी की खोज कर रहे हैं।

## फिटनेस, खानपान और परिवार की आदतों पर यास्मीन कराचीवाला और सोहा अली खान की बातचीत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बॉलीवुड की मशहूर फिटनेस ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला और अभिनेत्री सोहा अली खान बच्चों की परवरिश और फिटनेस को लेकर एक जैसी सोच रखती हैं। दोनों के अनुसार, वेलनेस कोई एक दिन की चीज नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यास्मीन और सोहा दोनों अपने परिवार में संतुलन बनाकर स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने पर जोर देती हैं। सोहा अली खान कहती हैं, मैं ध्यान रखती हूं कि इनाया और मैं हर दिन कुछ मूवमेंट करें – कभी योगा, कभी डांस या सोने से पहले स्ट्रेचिंग। वह मानती हैं कि एक्टिव रहना मुश्किल नहीं होना चाहिए और यह रोजमर्रा का हिस्सा होना चाहिए। यास्मीन कराचीवाला भी कहती हैं, आपको जिम जाने की ज़रूरत नहीं, बस हर दिन शरीर को चलाते रहें। मूवमेंट कोई विकल्प नहीं, जरूरत है। खानपान को लेकर सोहा बताती हैं कि फिट रहने के लिए सख्त डाइट जरूरी नहीं होती। वे प्रोटीन, सब्जियां और साबुत अनाज का संतुलन बनाए रखती हैं और अपनी बेटी के साथ हेल्दी मिठाइयां बनाती हैं। यास्मीन कहती हैं, मुझे और मेरे बेटों को मीठा पसंद है, लेकिन हम ऐसे विकल्प चुनते हैं जो स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखें। वे चिया सीड्स और बादाम दूध से बनी हेल्दी ब्राउनीज बनाती हैं।

## बिना मेघ के गिरी बिजली, गोघाट में स्कूल छात्रा की मौत, दो सहेलियां बाल-बाल बचीं

**गोघाट :** पश्चिम बंगाल के गोघाट में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में आठवीं कक्षा की छात्रा पायल राय (13) की मौत हो गई। स्कूल से छुट्टी के बाद साइकिल से घर लौट रही पायल पर अचानक बिजली गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह नोकुंडा पंचायत के मालिपुकुर गांव की रहने वाली थी और हाजीपुर यूनियन हाई स्कूल में पढ़ती थी। घटना उस समय हुई जब पायल अपनी दो सहेलियों के साथ स्कूल से निकली थी। रास्ते में एक सहेली की साइकिल की चेन उतर गई, जिससे वे दोनों रुक गईं, लेकिन पायल आगे बढ़ गई थी। तभी तेज़ आवाज़ के साथ अचानक बिजली गिरी और वह साइकिल समेत सड़क पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों और शिक्षकों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुँचाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय सांसद मिताली बाग ने अपनी गाड़ी भेजकर छात्रा को कामारपुकुर ग्रामीण अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि उस समय आसमान साफ था और किसी को भी इस तरह बिजली गिरने की आशंका नहीं थी।पायल के पिता किसान हैं और वह दो संतानों में बड़ी थी।

### मालदा में टीएमसी नेता की हत्याः मुख्य आरोपी सहित चार गिरफ्तार

# पुलिस जांच में सामने आ रहा है जमीन और प्रेम विवाद का एंगल

**मालदा :** पश्चिम बंगाल के मालदा ज़िले में तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता और ज़मीन कारोबारी अबुल कलाम आज़ाद की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तृणमूल सदस्य मैनुल शेख, उसका भाई सईदुल शेख और दो करीबी सहयोगी इमारत शेख और शहीद शेख शामिल हैं। सभी आरोपी लक्ष्मीपुर इलाके के रहने वाले हैं।

हत्या की वारदात गुरुवार रात इंग्लिशबाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में हुई, जब अबुल कलाम आज़ाद एक बर्थडे पार्टी में पत्नी शिउली खातून के साथ शामिल होने पहुंचे थे। आरोप है



कि मैनुल शेख और उसके साथियों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर बेरहमी से काट डाला। उनकी पत्नी और दो अन्य घायल हैं और मालदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं।

पुलिस के अनुसार, मृतक और मुख्य आरोपी मैनुल पूर्व में ज़मीन के कारोबार में साझेदार थे और दोनों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद था। साथ ही, प्रेम प्रसंग से जुड़ी रंजिश की आशंका को भी जांच में शामिल किया गया है।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मैनुल शेख इलाके में जमीन माफिया के रूप में कुख्यात है। वह पहले पंचायत समिति का सदस्य था और बाद में कांग्रेस से चुनाव जीतकर तृणमूल में लौट आया। उसके खिलाफ अवैध जमीन कब्जा, जाली दस्तावेज़ तैयार करने और जलाशयों को पाटने जैसे गंभीर आरोप भी हैं।

पुलिस ने चारों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश किया, जहाँ उन्हें पाँच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## अस्पताल में 'दादागिरी' मामले में बीजेपी नेता कौस्तव बागची थाने में पेश, बोले – कोर्ट में देखेंगे

**कोलकाता :** अस्पताल में कथित 'दादागिरी' मामले में अग्रिम ज़मानत मिलने के बाद शनिवार को बीजेपी नेता कौस्तव बागची मोहनपुर थाने में पेश हुए। पुलिस ने उनसे करीब 15 मिनट तक पूछताछ की। थाने से बाहर निकलने के बाद बागची ने पुलिस पर तृणमूल नेताओं के प्रति नरमी और बीजेपी नेताओं पर कठोरता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, एक ही तरह की घटनाओं में टीएमसी विधायकों पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती, लेकिन बीजेपी नेताओं के मामले में तुरंत हरकत में आ जाती है। मुझे बिना मतलब के सवाल पूछे गए, यह पूरी तरह से मानसिक प्रताड़ना है। मैंने पुलिस को कह दिया है – कोर्ट में मिलते हैं।

यह मामला 1 जुलाई का है, जब बैरकपुर के पास एक निजी अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई थी।



इसके बाद अस्पताल में हंगामा हुआ और बीजेपी नेता कौस्तव बागची पर डॉक्टरों को धमकाने और डराने के आरोप लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। आरोप है कि उस वक्त वहां सिर्फ बीजेपी नेता ही नहीं, बल्कि अन्य लोग भी मौजूद थे और माहौल को भड़काया गया था। पुलिस ने जांच के बाद कौस्तव सहित एक और व्यक्ति की पहचान की और तीन बार नोटिस भेजकर थाने में हाज़िर होने को कहा। इसके जवाब में कौस्तव बागची ने बाराकपुर अदालत से अग्रिम ज़मानत ले ली थी।



**'लावण्य' कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महिला सशक्तिकरण के उत्सव के दौरान, पश्चिम बंगाल सरकार की मंत्री डॉ. शशि पांजा और टेक्नो इंडिया ग्रुप की सह-अध्यक्ष प्रो. मानोशी रॉय चौधुरी ने राजनयिक दूत नयनतारा पाल चौधुरी को 'देवी पुरस्कार' से सम्मानित किया।**


**तारकेश्वर में श्रावणी मेला के दौरान अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें**

**संशोधनी**

तारकेश्वर में श्रावणी मेला के दौरान अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनों के आवागमन के संबंध में पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **अतिरिक्त हावड़ा-तारकेश्वर-हावड़ा ईएमयू स्पेशल ट्रेनों** के आवागमन की तारीख **संशोधित** की गई है और अब ये ट्रेनें पूर्व अधिसूचित तारीखों के बदले नीचे उल्लिखित तारीखों को चलेंगी।

| अतिरिक्त अप स्पेशल | | स्टेशन | अतिरिक्त डाउन स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| 21.35 | प्र. | ↓ हावड़ा | आ. | 03.15 |
| 22.13/22.15 | आ./प्र. | सेवड़ाफुली | आ./प्र. | 02.35/02.37 |
| 23.05 | आ. | तारकेश्वर ↑ | प्र. | 01.45 |

**1. अतिरिक्त अप स्पेशल ट्रेन हावड़ा से रात 9.35 बजे छूटेगी** 13.07.2025 (रविवार), 19.07.2025 (शनिवार), 20.07.2025 (रविवार), 26.07.2025 (शनिवार), 27.07.2025 (रविवार), 28.07.2025 (सोमवार), 02.08.2025 (शनिवार), 03.08.2025 (रविवार), 08.08.2025 (शुक्रवार), 09.08.2025 (शनिवार/झूलन यात्रा), 10.08.2025 (रविवार), 14.08.2025 (गुरुवार), 15.08.2025 (शुक्रवार/स्वतंत्रता दिवस), 16.08.2025 (शनिवार/जन्माष्टमी) और 17.08.2025 (रविवार) को।

**2. अतिरिक्त डाउन स्पेशल ट्रेन तारकेश्वर से रात 01.45 बजे छूटेगी** 14.07.2025 (सोमवार), 20.07.2025 (रविवार), 21.07.2025 (सोमवार), 27.07.2025 (रविवार), 28.07.2025 (सोमवार), 29.07.2025 (मंगलवार/नाग पंचमी), 03.08.2025 (रविवार), 04.08.2025 (सोमवार), 09.08.2025 (शनिवार/झूलन यात्रा), 10.08.2025 (रविवार), 11.08.2025 (सोमवार), 15.08.2025 (शुक्रवार/स्वतंत्रता दिवस), 16.08.2025 (शनिवार/जन्माष्टमी), 17.08.2025 (रविवार) और 18.08.2025 (सोमवार) को।

**द्रष्टव्य :** अन्य सभी ट्रेनों की व्यवस्था पूर्ववत रहेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## महेशतला में मदरसे के शिक्षक पर 12वीं की छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतला के आक्रा इलाके में 12वीं की एक छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी एक उच्च मदरसे का शिक्षक है। पीड़िता ने जब अपने घर जाकर इसकी सूचना दी तो परिवार वालों ने आरोपी की जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे बचा लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी शिक्षक का नाम मतिउर रहमान मोल्ला है। वह मदरसे की प्रबंध समिति का सदस्य है। शिक्षक ने शुक्रवार को छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। आरोप है कि शिक्षक ने छात्रा से तब छेड़छाड़ की जब 12वीं की छात्रा किताबें लाने के लिए मदरसे के पुस्तकालय गई थी। छात्रा मौके से फरार हो गई। छात्रा ने घर लौटने के बाद अपने परिवार को मामले की सूचना दी। शनिवार को आरोप है कि



अन्य छात्रों के परिवार वालों और अभिभावकों ने मदरसे में धावा बोल दिया और आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई की। इलाके में भारी तनाव के चलते डीएसपी रेजाउल करीम के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची। इस बीच, आरोपी शिक्षक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। इस शिक्षक पर पहले भी इस तरह की छेड़छाड़ का आरोप लग चुका है। आरोपी के ठीक होने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी। महेशतला थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# नवान्न अभियान को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, बैरिकेडिंग का कार्य शुरू

**हावड़ा :** नवान्न घेराव अभियान को लेकर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जा रहा है। आगामी सोमवार, 14 जुलाई को एसएससी परीक्षा पास कर चुके नौकरी अभ्यर्थियों द्वारा राज्य सचिवालय 'नवान्न' का घेराव किए जाने की घोषणा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। हावड़ा सिटी पुलिस द्वारा नवान्न की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर लोहे के भारी बैरिकेड्स लगाकर रास्तों को नियंत्रित करने की तैयारी शुरू हो गई है। विशेष रूप से 117 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांतरागाछी के पास, हावड़ा के जीटी रोड जैसे संवेदनशील इलाकों में बैरिकेडिंग की जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, किसी



भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी योजना बनाई जा रही है। बेरोजगारी और नियुक्ति में पारदर्शिता की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने यह आंदोलन घोषित किया है। इसके मद्देनजर प्रशासन हाई अलर्ट पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# लूटपाट के दौरान बाधा देने पर बदमाश ने वृद्धा से किया दुष्कर्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुइपुर में शनिवार को एक घर पर लूटपाट के दौरान बदमाश ने बाधा देने पर 65 वर्षीया एक बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म किया। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में वृद्ध महिला का पति मॉर्निंग वॉक पर गया था। उसका बेटा और बहू भी घर पर नहीं थे। नतीजतन, वृद्ध महिला घर में अकेली थी। इस बीच, एक बदमाश घर में लूटपाट के इरादे से घुस गया। और लूटपाट के दौरान महिला ने उसे रोकने की कोशिश की। फिर, उसने वृद्ध महिला पर चाकू से हमला किया। उसकी पिटाई करने के बाद, वृद्ध महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वृद्ध महिला और उसका



पति दो मंजिला घर की पहली मंजिल पर रहते है। उसका बेटा और बहू दूसरी मंजिल पर रहते हैं। हर दिन की तरह, वृद्ध महिला का पति मॉर्निंग वॉक के लिए बाहर गया था। उस समय घर का दरवाजा भी खुला था। उस अवसर का लाभ उठाकर एक बदमाश घर में घुस गया। सबसे पहले, उसने वृद्ध महिला से अलमारी की चाबी मांगी। जब वृद्ध महिला ने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। वृद्ध महिला की अंगूठी और चूड़ियां छीन ली गईं। इसके बाद, कथित तौर पर उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इस घटना के बाद, परिवार ने बारुइपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर अपराधी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वृद्ध महिला का पहले ही शारीरिक परीक्षण हो चुका है। जांच अधिकारियों ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पसंदीदा कपड़े नहीं खरीदाने पर चकदह में युवती ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चकदह थाना अंतर्गत चादुरिया 1 ग्राम पंचायत के मालिचागढ़ गांव में शुक्रवार की शाम एक युवती का शव उसके घर से लटकता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। पता चला है कि पैसे की कमी के कारण अपनी पसंद की पोशाक नहीं खरीद पाने के कारण स्नातकोत्तर की छात्रा बहुत उदास थी। क्या इसीलिए उसने खुद को खत्म करने का फैसला किया? परिवार और पड़ोसी अब इस पर चर्चा कर रहे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उसने एमए पास किया। वह गरीबी से उबरने के लिए आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रही थी। लेकिन, इसी बीच, युवती ने शुक्रवार की शाम जब घर पर कोई नहीं था तो फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब मां श्यामोली सरकार घर लौटी, तो उसने अपनी बेटी को उस हालत में देखा और चीख पड़ी। पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने जल्दी से लटके हुए शरीर को नीचे उतारा और उसे चकदह स्टेट जनरल अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल भेज दिया गया। मृतका के परिवार वालों ने बताया कि शुक्रवार को लड़की को एक स्थानीय दुकान पर एक ड्रेस पसंद आई। उसने अपनी मां से उसे खरीदने के लिए पैसे मांगे। लेकिन चूंकि गरीब परिवार के पास पैसे नहीं थे, इसलिए ड्रेस खरीदना संभव नहीं था। और उसके बाद, शुक्रवार की दोपहर को युवती ने अपनी मां को एक रिश्तेदार के घर भेज दिया और एक खाली कमरे में फांसी लगा ली।

## इमरजेंसी कोटे में फर्जीवाड़ा, रेलवे अधिकारियों ने युवक को रंगे हाथों पकड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के एनएबी कमर्शियल बिल्डिंग के दूसरे तल पर शुक्रवार शाम को इमरजेंसी कोटा (ईक्यू) बॉक्स के पास संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त एक व्यक्ति को रेलवे अधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ा। पैसेंजर एमेनिटीज के चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर रोनाल्ड डब्ल्यू. ए. ब्रैग्स, सयान भट्टाचार्य, रोहित वर्मा, राकेश मेहता और के. विनोद कुमार ने उक्त व्यक्ति को ईक्यू बॉक्स के पास घूमते देखा और कुछ समय बाद वह जेब से दस्तावेज निकालकर बॉक्स की ओर बढ़ा। संदेह के आधार पर जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम दोमी यादव बताया, जो सोनारपुर का निवासी है। वह चौरसिया ट्रैवल्स से जुड़ा है। उसने ईक्यू अनुरोध जमा करने की बात स्वीकार की, लेकिन यह नहीं बता सका कि ये किसके लिए थे। बयानों में असंगतता को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट जीआरसी के एसआई राकेश कुमार को बुलाया गया। जांच में छह अलग-अलग पीएनआर के ईक्यू अनुरोध और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर के नाम पर बना एक फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट मिला, जो स्कैन करने पर किसी अन्य मरीज के नाम का निकला।

इससे यह साफ हो गया कि दस्तावेजो में जालसाजी की गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक सफेद इनोवा से आया था, जिस पर 'पुलिस' का बोर्ड था, लेकिन उसने इससे अनभिज्ञता जताई। पूरा मामला एक संगठित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। आरोपी को दस्तावेजो सहित वेस्ट पोर्ट थाने को सौंप दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# राजनीतिक संरक्षण में बंगाल में 'खतरनाक जनसांख्यिकीय बदलाव' जारी : भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में 'राजनीतिक संरक्षण' के तहत 'खतरनाक जनसांख्यिकीय बदलाव' हो रहा है और वर्ष 2011 से 2021 के बीच 46 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। भाजपा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा कि यह कोई इत्तेफाकिया प्रवृत्ति नहीं है, बल्कि राजनीतिक संरक्षण में किया गया एक सुनियोजित और व्यवस्थित बदलाव है। पार्टी ने दावा किया कि 46 विधानसभा क्षेत्रों में, केवल एक दशक के भीतर मतदाताओं की जनसंख्या में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। पार्टी ने कहा कि इनमें से सात में यह वृद्धि 50 प्रतिशत से अधिक है। पोस्ट में लिखा था कि इसका मतलब है कि मौजूदा मतदाताओं में से लगभग आधे नए हैं। और हमने 2021 के बाद या 2011 से पहले हुए बदलावों पर विचार भी नहीं किया है। इसमें दावा किया गया है कि 118 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां मतदाता वृद्धि 30 से 40 प्रतिशत के बीच है। इसमें पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा कि बंगाल को इस्लामिक राज्य बनाने का सपना, जिसे कभी श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जैसे पूर्वजों और गोपाल पाठा जैसे योद्धाओं ने कुचल दिया था, आज भी जिंदा है। इस बार, ममता अपने समर्थन से इसे संभव बना रही हैं। पोस्ट में कहा गया है कि इन 46 सीट (जहां मतदाताओं की संख्या में कथित तौर पर 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई) में से 10-10 सीट मालदा और दक्षिण 24 परगना जिलों में, नौ सीट मुर्शिदाबाद जिले में और सात सीट उत्तर दिनाजपुर में जिले में है। पार्टी ने कहा कि यह स्वाभाविक वृद्धि नहीं है। यह जनसांख्यिकीय इंजीनियरिंग है। यह एक आक्रमण है। और यह सब ममता की निगरानी में हो रहा है। भाजपा ने पोस्ट में दावा किया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने 'चिकन नेक' के बारे में बोलने का साहस इसलिए किया, क्योंकि वह जानते हैं कि उस क्षेत्र की जनसांख्यिकी बदली जा रही है। भाजपा ने पोस्ट में दावा किया कि ममता जानती हैं कि ये (लोग) उनके मतदाता हैं। इसीलिए वह उनके लिए चीखती और चिल्लाती हैं। इसीलिए उन्हें मतदाता सूची के दुरुस्त किए जाने का डर है, क्योंकि बांग्लादेशी मुस्लिमों के वोटों के बिना वह 30 प्रतिशत वोट के आंकड़े को भी नहीं छू सकतीं।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 23/ईटी/2025-26 दिनांक: 08.07.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251138 | पीवीसी फ्लोरिंग रोल 2x1850x 14000 एमएम | 3871 नग | 05/08/2025 |
| | | पीवीसी फ्लोरिंग रोल 2x1850x 14000 एमएम | 153 नग | |
| 02 | 03251126ए | एफआरपी लेवोटरी मोड्यूल फॉर एलडब्लूएससीजेडएसी | 16 सेट | 05/08/2025 |
| 03 | 05255046 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशिनिंग ऑफ मोडूलर इंटीग्रेटेड पैन्ट्री यूनिट हाई कैपसिटी फॉर हॉट बफेट कोच | 26 सेट | 20/08/2025 |
| 04 | 05251116 | बैट्री चार्जिंग साकेट एंड फ्यूज बाक्स | 2018 नग | 25/07/2025 |
| 05 | 05251170 | सप्लाई, टेस्टिंग एंड कमीशिनिंग (इनकोलोडिंग आल कनेक्शनस एंड ड्रेसिंग विदाउट लोडिंग) सेट ऑफ पैनेल्स फॉर एलएचबी ईओजी नॉन एसी कोचेज | 695 सेट | 13/08/2025 |
| 06 | 11241431ए | सेट ऑफ अन्डर फ्रेम फ्रन्ट पार्ट टू बी मस्क | 1588 सेट | 01/08/2025 |
| 07 | 07251474 | इजेक्टर बुश बिलो 11 | 33 नग | 28/07/2025 |
| 08 | 03251340 | सेलिंग अरेंजमेंट इन गंगवे यरिया फॉर एलएचबी एसएलआर एचओजी कोचेज | 190 सेट | 21/08/2025 |
| | | नान एसी यरिया सेलिंग अरेंजमेंट फॉर एलएचबी एसी-3 टीयर कोचेज | 310 नग | |
| 09 | 05251166. | हार्नेस ऑफ अंडरफ्रेम एंड रूफ अरेंजमेंट फॉर एलएचबी एसी-2 टीयर टाईप कोचेज | 32 सेट | 23/09/2025 |
| 10 | 05251129 | केवल डक्ट एल-3 एम | 4457 नग | 12/08/2025 |
| | | केवल डक्ट एल-3 एम | 2450 नग | |
| 11 | 11241456 | सेट ऑफ डोर कट आउट फॉर एलएचबी/एसएलआर कोच | 205 सेट | 15/07/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16/ईटी/2025-26 दिनांक: 19.06.2025 | टेंडर नं. 03251302 | निविदा खुलने की तिथि 07/07/2025 के स्थान पर तिथि 29/07/2025 पढ़ें। | | |
| 02 | 19/ईटी/2025-26 दिनांक: 26.06.2025 | टेंडर नं. 01251047ए | मात्रा को 120349.44 किलोग्राम के स्थान पर 1230949.44 किलोग्राम पढ़ें। | | |
| 03 | 22/ईटी/2025-26 दिनांक: 04.07.2025 | टेंडर नं. 05255046 | निविदा खुलने की तिथि 20/08/2025 के स्थान पर तिथि 01/08/2025 पढ़ें। | | |
| 04 | 13/ईटी/2025-26 दिनांक:10.06.2025 | टेंडर नं. 11251130 | निविदा खुलने की तिथि 08/07/2025 के स्थान पर तिथि 14/07/2025 पढ़ें। | मौजूदा मूल्य: 568 सेट | संशोधित मूल्य: 804 सेट |

Website Address: **www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग., आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं.-एम-200/इन हाउस मैन्युफैक्चरिंग सीट & बर्थ/एलडब्लूएसडीडीजी/एलडब्लूएससीएन/2025-26 दि: 09.07.2025) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** द्वारा खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं- **कार्य का नाम:** कार्य क्षेत्र के अंतर्गत एलडब्लूएससीएन/एलडब्लूएसडीडीजी कोचों के लिए सीट और बर्थ सेट के इन हाउस निर्माण के कार्य हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में):** 1,68,44,129.76 **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी (रुपया में):** 2,34,200.00 **कार्य की मात्रा** – 300 एलडब्लूएसडीडीजी कोच सेट, 145 एलडब्लूएससीएन कोच सेट। **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह।

- ई-निविदा दिनांक 01.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
- ई-निविदा दिनांक 01.08.2025 को 15:00 बजे के बाद ऑनलाइन **http://www.ireps.gov.in** के द्वारा खोली जाएगी।
- ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/फर्नि. प्रोग.**

**शुद्धिपत्र-II**

**रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या: RBL-MD54311 दिनांक: 09.07.2025**

मुख्य अभिकल्प अभियंता / आधुनिक डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जा रही है:

**एलएचबी कोचों में उन्नत आंतरिक सज्जा का डिजाइन एवं विकास, आपूर्ति, और फिटमेंट।**

ईओआई दस्तावेज जमा करने की तिथि और समय को 12.07.2025 को 15:00 बजे से बढ़ाकर 25.07.2025 को 15:00 बजे तक कर दिया गया है। इस परियोजना में भाग लेने की इच्छुक फर्मे तकनीकी/ व्यावसायिक आवश्यकताओं से संबंधित सभी विवरणों के लिए वेबसाइट **www.mcf.indianrailways.gov.in** पर जा सकती हैं।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (अभिकल्प)**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# बिजोलिया महादेव मंदिर परिसर, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 76



डॉ. एस. के. सैनी

बिजोलिया भीलवाड़ा जिले में स्थित एक नगर है। कोटा से इसकी दूरी 71 किलोमीटर है खतरा मुख्यालय भीलवाड़ा से इसकी दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। बिजोलिया कई कारणों से प्रसिद्ध है यहां पर कोटा स्टोन और सेंडस्टोन की कई खदानें हैं। बिजोलिया एक प्राचीन नगर रहा है कर्नाटक के अनुसार उसका पुराना नाम बिजलिया वाली रहा है और बिजोलिया का प्राचीन शिव मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है न केवल राजस्थान की बल्कि संपूर्ण भारत की।

बिजोलिया मंदिर परिसर में तीन मंदिर हैं कुंडेश्वर मंदिर महाकाल मंदिर और हजारेश्वर मंदिर इसमें सबसे प्राचीन महाकाल मंदिर जो भगवान शिव को समर्पित है इसमें पवित्र शिवलिंग नीचे से निकला हुआ है उसे बहुत गौर से देखने पर ही देखा जा सकता है यह सब लगभग 1120 ई के आसपास निर्मित मंदिर हैं।

हजारेश्वर मंदिर किस परिसर का सबसे छोटा मंदिर है और उसमें वराह मूर्ति, विष्णु मूर्ति के साथ-साथ लकुलेश की मूर्ति भी स्थापित की गई है। यहां इसका नाम हजार ईश्वर इसलिए पड़ा क्योंकि इसमें एक ही शिवलिंग पर हजार शिवलिंग ऊकेरे गए हैं।

तीसरा मंदिर जो अपेक्षाकृत नया है उंदेश्वर महादेव का मंदिर 1175 ई का निर्माता शिव मंदिर है जो वास्तु कला की दृष्टि से बेहद समृद्ध है यहां पर अनेक देवी देवताओं की यक्ष,




यक्षी की और द्वारपालों की मूर्तियां ऊकेरी गई हैं।

यहां का गर्भ गृह शेष दो मंदिरों से अलग है यह सभा मंडप से लगभग 3 मीटर नीचे गहरा धंसा हुआ है। वर्षा काल में यहां पर पानी भर जाता है और शिवलिंग जलमग्न हो जाता है दर्शनार्थियों के लिए यह एक अद्भुत दृश्य होता है जब वह प्रकृति के द्वारा अर्पित किए हुए जल से सिंचित शिवलिंग की पूजा अर्चना श्रावण मास में करते हैं। संपूर्ण श्रावण मास में और उसके पश्चात भी इस मंदिर में दर्शन और पिकनिक मनाने के लिए कोटा बूंदी और भीलवाड़ा से अनेक पर्यटक और श्रद्धालु आते रहते हैं खासतौर पर छुट्टी के दिनों में यहां पर संख्या बढ़ जाती है यह मंदिर परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के देखरेख में है यह भारत का ऐसा अद्भुत परिसर है जो स्थानीय तीन जिलों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर इतना चर्चित नहीं है हां बिजोलिया का शिलालेख एक जरूर महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संदर्भ है जिसका उल्लेख राजस्थान के इतिहासकारों ने किया है।

# नीति का दीपक



त्रिलोक नाथ पांडेय


शहर की चकाचौंध से दूर, पश्चिम बंगाल के एक छोटे-से गाँव महिषादल में जन्मा सूर्यकांत, एक साधारण किसान का बेटा था। पर उसका मन साधारण नहीं था। आँखों में सपने थे-बड़े, चमकदार, लेकिन अस्पष्ट। जीवन ने अभी तक उसे कोई स्पष्ट दिशा नहीं दी थी, पर एक बात वह जानता था-उसे कुछ बड़ा करना है, कुछ ऐसा जो उसके गाँव का नाम रोशन करे।

एक दिन गाँव के प्राचीन पुस्तकालय में धूल फांकती पुरानी किताबों के बीच एक पतली- सी पुस्तक उसके हाथ लगी-चाणक्य नीति। सूर्यकांत ने उसके पन्ने पलटे तो लगा जैसे कोई अग्नि उसके भीतर जल उठी हो। उसमें लिखी बातें जीवन के ठोस धरातल से जुड़ी थीं, और सूर्यकांत को लगा जैसे चाणक्य स्वयं उसके सामने बैठकर उसे जीवन का मार्गदर्शन दे रहे हों।

सूर्यकांत ने किताब के पहले पृष्ठ पर पढ़ा-विद्या सबसे बड़ा धन है, जो न चोर चुरा सकता है, न आग जला सकती है।

गाँव में शिक्षा के साधन सीमित थे, पर मन के संकल्प के आगे सीमाएँ फीकी पड़ जाती हैं। सूर्यकांत ने खेतों में काम करने के साथ-साथ ऑनलाइन मुफ़्त पाठ्यक्रमों की मदद से पढ़ाई शुरू की। रात-रात भर जागकर मोबाइल की धुंधली रौशनी में पढ़ता। पिता की डाँट, माँ की चिंता और गाँव वालों के ताने-सब कुछ सहता रहा। पर वह जान चुका था कि विद्या ही उसकी मुक्ति का मार्ग है।

सूर्यकांत ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण उपयोगी बना लिया। गाँव के तालाब के किनारे बैठकर पढ़ता, सुबह चार बजे उठकर योग करता और फिर खेत पर काम। उसे पता था कि उसका समय सीमित है और लक्ष्य दूर। उसका अनुशासन देखकर गाँव के कुछ और युवा भी प्रेरित हो गए।



जिस प्रकार बूँद-बूँद से समुद्र बनता है, उसी प्रकार संगति से चरित्र बनता है।

किताब के इस वाक्य ने सूर्यकांत को भीतर से झकझोर दिया। वह अब जान गया था कि अपने आस-पास के लोगों का प्रभाव उसके सपनों पर भी पड़ता है। उसने आलसी और नकारात्मक सोच वाले दोस्तों से दूरी बना ली। पुस्तकालय के वृद्ध पंडित श्रीधर जी अब उसके सबसे प्रिय मित्र बन गए थे। वे उसे चाणक्य के श्लोकों का अर्थ समझाते और उनके व्यवहारिक रूप दिखाते।

एक दिन सूर्यकांत को कोलकाता की एक बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में बुलावा आया। पर उसने किसी को नहीं बताया।

उसने चाणक्य की इस बात को गांठ बाँध लिया था-अपनी योजनाओं को तब तक गोपनीय रखें, जब तक वे पूर्ण न हो जाएँ।

कोलकाता जाकर उसने जिस आत्मविश्वास से परीक्षा दी, वह किसी राजपुरुष से कम नहीं था। परीक्षा में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य सरकार ने उसे स्कॉलरशिप दी और आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली भेजा।

दिल्ली में सूर्यकांत के संघर्ष ने एक नया रूप लिया-अब वह सिर्फ़ अपने लिए नहीं, बल्कि गाँव के अन्य बच्चों के लिए भी सोचने लगा। उसने एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया, जो ग्रामीण युवाओं को निशुल्क शिक्षा देता था।

कुछ वर्षों में ही सूर्यकांत, भारतीय प्रशासनिक सेवा (ख-ड) में चयनित हो गया। समाचार पत्रों में उसकी तस्वीरें छपीं-गाँव का बेटा बना देश का रत्न।

पर उसने अभिमान नहीं किया। चाणक्य की अंतिम शिक्षा उसे याद थी-विनम्रता ही सच्चे ज्ञान की पहचान है।

वह गाँव लौटा। महिषादल में एक आधुनिक विद्यालय की नींव रखी और कहा-

जिस दिन मेरे जैसे हज़ारों सूर्यकांत इस गाँव से निकलेंगे, उस दिन मैं खुद को सफल समझूँगा। सफलता अकेली नहीं होती, वह अपने साथ परिवर्तन की लौ लेकर आती है।

चाणक्य नीति ने एक किसान के बेटे को शासक बना दिया- अपने जीवन का, अपने गाँव का और अपनी नियति का। यह कहानी सिर्फ़ सूर्यकांत की नहीं, उन सबकी है जो सीमाओं से नहीं, अपने संकल्पों से जीवन का आकार गढ़ते हैं।

-लेखक शिक्षाविद्, एवं सामाजिक चिंतक हैं

# टॉफी



डॉ.मंजरी शुक्ला

उछल उछल कर बिंदियाँ के पैरों में दर्द होने लगा था। पर उसके नन्हें-नन्हें हाथ काँच के उन मर्तबानों तक पहुँच ही नहीं रहे थे जिन पर रंग बिरंगी खट्टी मीठी गोलियाँ सजी हुई थी। किसी में नारंगी तो किसी में गुलाबी ....किसी में गोल गोल पीली-पीली बिंदियाँ के मुंह में पानी आ रहा था और वो अपनी तोतली आवाज़ में चिल्ला रही थी - अंतल,अंतल..मुझे भी ताफी दे दो ना। देखो ना , मेले पाश पैशे भी हैं।

पर दुकान में खड़ा भोला नन्ही बिंदियाँ की आवाज़ को सुनकर भी अनसुना कर देता था क्योंकि बिंदियाँ के बापू ने उससे बहुत सारा अनाज उधार ले रखा था। पर 5 साल की बिंदियाँ तो इन बड़ों की दुनियादारी ना जानती थी, वो तो अपनी अठन्नी को रोज रात के तकियें के नीचे रखकर सोती और आँख खुलते ही सामने वाली किराने की दुकान की ओर आशा भरी नज़रों से देखना शुरू कर देती। वो माँ से पूछती , बापू से पूछती और वे दोनों अपनी नज़रें उस मासूम से चुराकर अपनी आँखों में आये बेबसी के आँसूं पोंछकर कहते - अभी तू नन्ही गुड़िया हैं ना। तेरे दाँत न खराब हो जाए इसलिए तुझे वो टॉफी नहीं देता।

गोल-गोल काजल लगी आँखों को हवा में नचाती बिंदियाँ कहती - हाँ , देखो तो बापू...मैंने थूब लगद तल दातून ती हैं ....तमक लहे हैं ना मेरे दाँत मोतियों दैथे। मैं अब तभी भी नहीं दाउंगी तौफी लेने।

और वो बड़े दुलार से बापू के गले लग जाती। और बापू असहाय सा खुद को बहुत रोकने के बाद भी फफक पड़ता। पर रात होते होते ही बिंदियाँ अपनी दिन की बातें भूल जाती और सपनों में अपनी अठन्नी को मुट्ठी में भींच भोला की दूकान पर कूदते फाँदते पहुँच जाती जहाँ पर भोला एक कोने में मुस्कुरा रहा होता और वो नन्ही नन्ही मुठियों में टॉफी भरकर अपनी फ्रॉक में सारे रंगों की गोलियाँ डाल रही होती। एक दिन भरी दुपहरी में बिंदियाँ दुकान पर दिन भर मर्तबानों के पास खड़ी रही पर भोला का दिल ना पसीजा। वो बस कनखियों से उसे देखता रहा कि थक हार कर वो कब वापस अपने घर चली जाए। जब बिंदियाँ की टाँगे काँपने लगी और चिल्ला चिल्ला कर उसकी आवाज़ बैठने लगी तो वो थकी हारी सामने अपनी झोपड़ी में चली गई। दूसरे दिन बिंदियाँ कमज़ोरी के कारण केवल खिड़की से छनती धूप की रौशनी में चमकते मर्तबान और उनके अन्दर रखी टॉफी देख रही थी कि तभी अचानक उसने देखा कि एक बहुत बड़ा और मोटा काला साँप भोला की दुकान से सटे उसके घर के अन्दर जा रहा था। ये देखकर बिंदियाँ डर के मारे कांपने लगी। पर ये बात वो किसे बताए। माँ बापू तो सुबह ही खेतों में काम करने चले गए थे। बिंदियाँ आज पहली बार अपने हथेली में बिना अठन्नी दबाये, तेज बुखार में लाल मुंह लिये भोला की दूकान की ओर चली गई। सुबह सुबह बोहनी ना होने के कारण भोला वैसे ही चिढ़चिढ़ाया हुआ बैठा था। उसने आव देखा ना ताव, चटाक से बिंदियाँ के कोमल गोरे गाल पर एक चांटा जड़ दिया। बिंदियाँ फूट-फूट कर रोने लगी और डर के मारे थर-थर काँपने लगी। उसकी समझ में नहीं आया कि आज उसे मारा क्यों गया।



उसका मन हुआ कि वो लौट जाए पर अचानक उसे भोला के बच्चे का ध्यान आया जो घर में अकेला था। वो धीरे से तुतलाते हुए बोली - तुम्हाले धर में ताला छांप।

...क्या ...? भोला उसकी बात को ना समझते हुए चिल्लाकर बोला।

डर के मारे बिंदियाँ ने अपनी दोनों मुट्ठियाँ भोला के आगे कर दी ताकि भोला देख ले कि वो उसके पास टॉफी माँगने नहीं आई।

वो थोड़ी तेज आवाज़ में भोला के घर की ओर इशारा करते हुए बोली- तुम्हाले धर में ताला छांप।

अरे , ये तुम्हारे घर में काला साँप कह रही हैं। दुकान पर खड़े दो लोग बोले

ये सुनते ही भोला हवा की गति से अन्दर भागा जहाँ पर उसका दो साल का बच्चा ज़मीन पर अकेला बैठा था और उसके बगल में बड़ा सा फ़न फैलाए काला कोबरा उसे बस डसने ही जा रहा था।

भोला ने तुरंत बगल में पड़ा लकड़ी का स्टूल उठाकर साँप पर दे मारा जिससे दर्द के मारे बिलबिलाता हुआ साँप वहाँ से चला गया।

भोला ने माथे का पसीना पोंछते हुए बच्चे को गोद में उठाया और हवा की गति से बाहर आ गया।

बाहर आकर देखा तो बिंदियाँ वहाँ से जा चुकी थी। धनिया ने तुरंत अपने नौकर से कहकर सारे मर्तबान उठाए और दौड़ पड़ा बिंदियाँ के घर की ओर।

उसने देखा कि दरवाजे खुले हुए थे ओर बिंदियाँ दीवार के एक कोने में दुबकी सिसकारियाँ भर रही थी। भोला ने अपने नौकर के साथ मिलकर सारे मर्तबान उसके पास रख दिए उसके पैरों मैं गिरकर भरे गले से माफ़ी मांगते हुए बोला- बिटियाँ, ई सारी गोलियाँ अब तुम्हार हैं और जब तक हम जिन्दा हैं,तुमको एको पैसा देने की जरुरत नहीं हैं।

बिंदियाँ मुस्कुरा उठी और उसकी आँखों में मर्तबान के अन्दर की रंबिरंगी टॉफी के रंग इन्द्रधनुष बनकर छा गए। उसने काँपते हाथों से मर्तबान खोला और मुंह में एक पीली गोली डालते हुए मुस्कुराकर आँखें बंद कर ली.....

# यूं करें घरेलू टोनर का इस्तेमाल

सारिका

त्वचा की खूबसूरती हेतु जितना महत्त्व त्वचा की क्लीजिंग का है, उतना ही टोनिंग का भी है। टोनिंग हर प्रकार की त्वचा के लिए जरूरी होती है। क्लीजिंग के तुरंत बाद टोनिंग की जाती है ताकि त्वचा का पीएच संतुलन बना रह सके। टोनर का त्वचा पर नियमित प्रयोग करने से त्वचा नर्म,साफ और स्वस्थ रहती है। विशेषकर तैलीय त्वचा के लिए टोनिंग करना आवश्यक है इससे मुहांसे भी कम निकलते हैं। बाजार में टोनर आसानी से मिल जाते हैं पर एक्सपर्ट के अनुसार घरेलू टोनर का प्रयोग ज्यादा सुरक्षित और प्रभावशाली होता है।

**पुदीने से बनाएं टोनर:-**

खुश्क त्वचा के लिए अति असरदार टोनर है। दो मुट्ठी पुदीने की पत्तियों को 100 मि.ली पानी में मिलाकर उबालें। जब उबल जाए तो इसे ठंडा करें। रूई की मदद से दिन में दो बार इसका प्रयोग त्वचा पर करें। बाकी पानी को फ्रिज में रखकर कई दिन तक प्रयोग में ला सकती हैं।

**शहद,नींबू और अंडे का टोनर:-**

इस टोनर को बनाने के लिए एक अंडा अच्छी तरह से फेंटा हुआ, उसमें एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं। घोल तैयार होने पर साफ उंगलियों की सहायता से चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं। आंखों और होंठों को बचा कर रखें। 10 मिनट तक लगाकर रखें फिर चेहरा और गर्दन धो लें। इस टोनर के प्रयोग से त्वचा में खिंचाव बना रहता है और त्वचा जवां रहती है।

**सफेद सिरके का प्रयोग करें टोनर के रूप में:-**

सफेद सिरके का टोनर तैलीय त्वचा के लिए अच्छा होता है। 1-2 चम्मच सिरके में बराबर मात्रा में पानी डालें। इस मिश्रण में रूई के फाहे को भिगो दें फिर हल्का निचोड़ कर चेहरे पर दिन में दो बार लगाएं। जिनके चेहरे पर दिन में दो बार लगाएं। जिनके चेहरे पर मुंहासे हैं, वे भी इस घरेलू टोनर का प्रयोग कर सकती हैं।



**टमाटर और शहद से बना टोनर:-**

टमाटर का छिलका उतारकर उसे अच्छे से मैश कर लें। उसमें शहद मिलाएं और अच्छी तरह हिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। उस पेस्ट को चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगा रहने दें। उसके बाद पानी से चेहरा धो लें। यह टोनर भी तैलीय त्वचा वालों के लिए अच्छा है।

**खीरा व दही से बना टोनर:-**

दही व खीरे से बने लेप का भी तैलीय त्वचा पर असरदार प्रभाव पड़ता है। एक खीरे को कद्दूकस कर उसमें आधा कप दही मिला लें। लेप को चेहरे पर लगाकर 7 से 10 मिनट छोड़ दें। उसके बाद उसे उतारकर चेहरा धो लें। बाकी बचे मिश्रण को फ्रिज में रख लें। पुनः इसका प्रयोग चार से पांच दिन तक कर सकते हैं।

**सेब और शहद से बना टोनर:-**

सेब को कद्दूकस कर लें। उसमें एक चम्मच शहद मिलाकर उस लेप को चेहरे व गर्दन पर लगा लें। 10 मिनट बाद इसे पोंछ कर चेहरा धो लें। त्वचा को साफ और निखरा हुआ बनाता है। इस टोनर को आप नियमित भी प्रयोग में ला सकते हैं।

**गुलाब जल एवं कपूर से बना टोनर:-**

गुलाब जल की बोतल में चुटकी भर कपूर मिलाएं अच्छी तरह से हिलाएं। इस मिश्रण को टोनर की तरह त्वचा पर प्रयोग कर सकती हैं। दिन में दो बार इस टोनर का प्रयोग करने से त्वचा में निखार आता है।

**तेल एवं नमक से बना टोनर:-**

अखरोट या तिल के तेल में 100 मि.ली. चम्मच नमक मिला लें। अगर तेल उपलब्ध न हो तो 100 मि.ली पानी में कुछ बूंदें नींबू के रस की और दो चम्मच नमक मिला कर हिला दें। इसे फ्रिज में रख कर कुछ दिनों तक प्रयोग में ला सकती हैं। फेसवाश से चेहरा धोने के बाद दिन में दो बार इस टोनर को लगाएं। त्वचा नर्म बनेगी। (उर्वशी)

# बातें कुछ काम काज की

सुनीता गाबा



शरीर में खुजली होने पर बर्फ रगड़ने से तुरन्त आराम मिलता है।

❊ सब्जी की ग्रेवी को गाढ़ा करने के लिए मोटे बेसन को हल्का सा भूनकर ग्रेवी में मिलायें।

❊ गाढ़ी नेलपॉलिश का प्रयोग करने से पहले उसे कुछ समय हेतु गर्म पानी में रख दें। लगाने योग्य हो जायेगी।

❊ अधिक मात्रा में दाल, चीनी, चावल, आटा रखने के लिए कनस्तर या स्टील के डिब्बों का प्रयोग करें ताकि भार से बिखरने न पाएं।

❊ अधिक लोगों की घर पर पार्टी के अवसर पर डिस्पोजेबल स्पून, गिलास कप और प्लेट प्रयोग में लाएं।

❊ नीम के पत्तों को सुखाकर गमलों में डालने से पौधों में कीड़ा नहीं लगता।

❊ खीर बनाते समय छोटी इलायची के बीजों को पीसकर खीर में डालें। अच्छी सुगन्ध आएगी।

❊ फ्रिज के खाली खानों की साथ-साथ सफाई करते रहें ताकि समय बच सके।

❊ फर्नीचर अधिक डिजाईन वाला या कटवर्क वाला न खरीदें क्योंकि उस फर्नीचर को साफ करने में अधिक समय लगता है। साफ न करने पर धूल जमा हो जाती है।

❊ जींस धोते समय पानी में चार बड़े चम्मच सिरका डालें। रंग यथावत बना रहेगा।

❊ पूरियां बनाने के बाद बचे हुए घी को साफ करने के लिए ठंडा होने पर उसमें पानी मिलाएं और फ्रिज में रखें। घी जमकर पानी में तैरने लगेगा और गंदगी नीचे बैठ जाएगी।

❊ बिंदी की गोंद खत्म होने पर टूथपेस्ट जैल लगाकर उसे पुनः प्रयोग में ला सकते हैं।

❊ शहद, रूहअफजा, टॉमेटो सॉस, सिरिप आदि को रैक पर सीधा न रखकर किसी टेक्र या प्लेट में डालकर रखें ताकि गिरने पर सफाई आसानी से हो सके।

❊ रसोई का सामान या घर का जरूरी सामान कैबिनेट में रखें ताकि सुरक्षित रहे और उस पर धूल न जमने पाएं।

❊ ठंड में टूथपेस्ट जम जाने पर उसे कुछ देर गर्म पानी में रखें। टूथपेस्ट आसानी से बाहर आ जाएगा।

❊ सूखे जैम में दो चम्मच उबलता पानी मिलाएं। जैम पहले जैसा हो जाएगा।

❊ नाखूनों की पुष्टता और चमक बनाए रखने के लिए जैतून का तेल लगाएं। (उर्वशी)

# कैसे लड़के पसंद करती हैं लड़कियां

/ कु. एम. कृष्णाराव 'राज'

आदिकाल से ही युवक युवतियां एक दूसरे को आकर्षित करते रहे हैं और एक दूसरे से आकर्षित होते रहे हैं। वैसे दोनों में भावनाएं एक जैसी ही हैं किंतु शर्म के कारण लड़कियां उन्हें खुलकर जाहिर नहीं होने देती। उनकी यह प्रकृति सजने संवरने में, पोशाकों में, या बातचीत के लहजे में झलकती है जबकि लड़के अपनी भावनाओं का इजहार स्पष्ट रूप से खुलकर अपने हावभावों, हरकतों, पोशाकों, बातों, आदि से करते हैं।

जहां तक शक्ल सूरत की बात है, उसे तो बदला नहीं जा सकता, हां आकर्षक जरूर बनाया जा सकता है। स्वयं को आकर्षक दिखाने के लिए वे अक्सर बड़ी ऊल जलूल या अजीबोगरीब हरकतें करते हैं यह जाने बिना कि क्या वाकई इन हरकतों से लड़कियां प्रभावित होती हैं और यदि होती भी हैं तो क्या वह क्षणिक मनबहलाव है या उसे चाहत का रंग भी दिया जा सकता है।

कई बार ऐसा होता है कि लड़कियों की पसंद या इच्छा से बेखबर युवक संबंधों के प्रति गंभीर होते हुए भी दोस्तों के बहकावे में आकर उसे आकर्षित करने के लिए ऐसी हरकतें कर बैठते हैं जिनका नतीजा उल्टा ही होता है। हां, ऐसी हरकतों से लड़की उसे जानने पहचानने लगेगी। हो सकता है कि वह क्षण भर के लिए उसका ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल हो जाये। यह भी हो सकता है कि उनमें अभिवादन का आदान-प्रदान भी होने लगे किन्तु इन संबंधों में गंभीरता, स्वार्थ, स्थायित्व तथा प्रेम की सच्चाई नहीं आ पाती। कई बार ऐसे लड़के मजाक का केंद्र बन जाते हैं।

ये लड़के कोई विशेष समूह बनाकर नहीं मिलते बल्कि हर जगह हमेशा दिखाई पड़ जाते हैं। अक्सर लड़कियों को अपनी जिंदगी में कुछ समय मनचले, मस्त,मनमौजी लड़कों का शिकार बनना पड़ता है। कभी आप इन्हें देखकर हंस पड़ती हैं तो कभी व्यंग्य कस देती हैं, कभी बेचारे की संज्ञा दे देती हैं तो कभी फिकरा कह देती हैं।

उत्तेजक जुमले और आड़ी तिरछी तस्वीरों वाली टीशर्ट, खुली छाती, गले में स्कार्फ, गठे हुए शरीर पर कसी जींस, सूखे लंबे बिखरे बाल, चश्मा, गले में सोने की जंजीर, कलाई में मोटा कड़ा, बातों में टूटे फूटे अंग्रेजी शब्दों के प्रयोग करने वाले लड़के किसी को आकर्षित कर सकें या नहीं किन्तु अन्य लोगों से भिन्न जरूर दिखते हैं। बस इतने से ही इनकी काफी हौंसला अफजाई हो जाती है। मध्यवर्गीय लड़कियां तो इनसे दूरी बनाये रखती ही हैं, अत्याधुनिक लड़कियां भी इनके साथ ठंडा या गरम पेय पीने या हाय हैलो, करने से अधिक संबंध नहीं रखतीं। ये संबंध वस्तुतः भावनात्मक और स्थायी नहीं बल्कि अस्थाई और दिखावटी होते हैं।



लड़कियों को लड़के की बाहरी चमक दमक की जगह उसका पुरूषत्व प्रभावित करता है। पीले दांत, गंधाता मुंह, पान से रंगे होंठ, खूंटी जैसी दाढ़ी, सांस में बदबू, पसीने से तर कमीज, महीनों से बेधुली जींस तथा बिना पालिश के जूते पहने लड़कों से लड़कियां कतराती हैं, साथ ही लड़कियों की तरह इत्रा लगाए भड़कीले रंगों के कपड़े पहने या हो-होकर हंसते लड़के भी उनकी पसंद पर खरे नहीं उतरते। वे उनके साथ मस्ती के लिए थोड़ा घूम फिर लेती हैं मगर उनके प्रति गंभीर नहीं होतीं।

कुछ लड़के लड़कियों को प्रभावित करने के लिए बात बात पर आपस में गरमजोशी से हाथ मिलाने लगते हैं। कुछ को आंख दबाने की भी आदत होती है। कुछ रोमांटिक गाने गाकर लड़कियों को आकर्षित करते हैं। कुछ लड़के अपना महत्त्व जताने के लिए पार्टी या सभा में लड़कियों को मजाक या मुद्दा बनाकर हंसते हैं या उनके सामने ही उन पर चुटकुले सुनाते हैं या साथ बैठी लड़कियों को नहीं सुनने का अनुरोध कर वहीं अश्लील चुटकुले सुनाते हैं तो लुभाने के चक्कर में पिटने की नौबत भी आ जाती है।

आमतौर पर पढ़ाई में होशियार, दिखने में साधारण किंतु प्रभावशाली, न अधिक गंभीर, न ही जोकरनुमा, न एकदम आधुनिक न पोंगा पंडित, सुरक्षा का एहसास दिखाने वाले तथा सौम्य और अच्छी आर्थिक स्थिति वाले लड़कों से ही लड़कियां अधिक प्रभावित होती हैं। उन्हें चाहने वालियों की संख्या बहुत होती है। भीड़ से अलग वे अपनी हरकतों के कारण नहीं बल्कि व्यक्तित्व के किसी गुण के कारण लड़कियों को आकर्षित करते हैं। ऐसे लड़कों से स्वयं ही बातचीत करने में लड़कियां खुश होती हैं।

### लड़कियां कैसे लड़के पसंद करती हैं।

- चमक दमक रहित, पुरूषत्व प्रधान,
- कर्मठ, सौम्य, सदाचारी, निर्व्यसनी
- स्वस्थ, सामान्य और गुणवान
- आकर्षक व्यक्तित्व के धनी
- पढ़ने में होशियार

### लड़कियां कैसे लड़कों को पसंद नहीं करतीं

- बोदे, गंदे और असंगत वस्त्राधारी
- चटकीले भड़कीले अव्यवस्थित वस्त्राधारी।
- हर समय आसपास मंडराते रहने वाले।
- बेढंगी हरकतें करने वाले।
- मिथ्या भाषी, लापरवाह और व्यसनी।

### कानून की निगाह में मनचलों की हरकतें

सामान्यतः लड़के लड़कियों को अपनी ओर आकर्षित करने या सिर्फ लुभाने या परेशान करने के लिए ऊलजलूल हरकतें करते हैं किंतु कानून की भाषा में उनकी यह छेड़छाड़ अपराध है जिसके लिए उन्हें दंडित किया जा सकता है।

भारतीय दंड संहिता 1960 की धारा 354 एवं 509 के अनुसार लड़कियों (महिलाओं) को देखकर अश्लील शब्दों का प्रयोग, कोई अभद्र ध्वनि जिससे लड़कियों के सम्मान को ठेस पहुंचे, किसी लड़की की व्यक्तिगत स्वतंत्राता में हस्तक्षेप करना एक दण्डनीय अपराध है। ऐसे अपराधों में अपराधी को दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना अथवा कारावास और जुर्माना दोनों ही हो सकते हैं। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर — ठंडे पेय और आइसक्रीम






मीना जैन छाबड़ा

## टमाटर और दूध का ठंडा पेय

**सामग्रीः-** तीन पाव चीनी, एक किलो दूध, डेढ़ किलो लाल पके टमाटर, आधा किलो पिसी चीनी, एक छोटा चम्मच गरम मसाला, एक चम्मच नमक, एक पाव पतली क्रीम।

**विधिः-** सर्वप्रथम टमाटर के टुकड़े कर लें व फिर पैन में डालकर पकने दें। जब टमाटर पक जाएं तो उसमें नमक डालकर छलनी में छानकर रस निकालें। रस एवं चीनी को पकने रखें। जब रस आधा रह जाए तो उसमें गरम मसाला डालकर फ्रीजर में रखें।

दूध को उबालकर गाढ़ा करें एवं पिसी चीनी उसमें डालकर उसको ठंडा करें। पीने से पहले गिलास में पहले गाढ़ा दूध डालें, फिर उसमें ठंडा टमाटर का रस भरें और फिर ऊपर से पतली परत के रूप में क्रीम डालें। तत्पश्चात यह पीने तथा पिलाने के लिए तैयार है।

## किशमिश मसाला पेय

**सामग्रीः-** चार प्याला पानी, आधा प्याला शाही किशमिश, दो छोटे चम्मच मसाला जैसे-लौंग, दालचीनी, काली मिर्च, थोड़ी सी पिसी हुई गिरी, पांच-छह बादाम भिगोए हुए, आधा प्याला चीनी, बड़ा चम्मच नींबू रस।

**विधिः-** पानी में किशमिश को 5-6 घंटों के लिए भिगो दें। अब उस किशमिश के पानी को आग पर रखें और आधा रहने तक उबालें। जब किशमिश अच्छी तरह उबल जाए तो उन्हें मिक्सी में पीसकर छान लें। अन्य मसाले भी पीसकर डालें। हर गिलास में दो-दो बादाम के टुकड़े डालें। अब इसे ठंडा होने के लिए रख दें। नींबू का रस छानकर डालें। बर्फ के टुकड़े भी डालें। लीजिए यह स्वादिष्ट ठंडा पेय तैयार है। शाम के खाने के बाद या दोपहर में इसे पेश करें।

## नींबू की आइसक्रीम

**सामग्रीः-** दो कप वनीला आइसक्रीम, दो कप अंगूर ठंडे किए हुए, दो कप संतरे ताजा छिला हुए, आधा कप नींबू का रस, एक छोटा चम्मच नींबू का कुतरा हुआ छिलका, एक कप औरेंज जैली, आधा प्याला भुनी कुटी मूंगफली।

**विधिः-** (एक व्यक्ति के लिए) - एक लंबी टेक्र या तश्तरी में आधा कप अंगूर एक तरफ तथा दूसरी तरफ आधा कप संतरे रखें। बीच में दो चम्मच वनीला आइसक्रीम डालें। अब अंगूर पर एक चम्मच जैली आइसक्रीम डालें। आइसक्रीम पर नींबू का रस व कुतरा हुआ नींबू का छिलका, ऊपर से बड़ा चम्मच नींबू का शरबत डालें। अब थोड़ी भुनी मूंगफली उसमें डाल दें। लीजिए हो गई नींबू की आइसक्रीम तैयार। अब आप इसे जब चाहें तब खा सकते हैं। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में तीन आतंकवादियों की संपत्तियां कुर्क की गईं

**श्रीनगर :** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे तीन आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर के गांदरबल स्थित संपत्तियां शनिवार को जब्त की गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान कुराग के फारूक अहमद राठेर, हाटबुरा के नूर मोहम्मद पार्रे और मध्य कश्मीर जिले के खुरहामा इलाके के मोहम्मद मकबूल सोफी के रूप में हुई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शामिल पीओके से सक्रिय तीन आतंकवादियों की 3.2 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के बाद नौ कनाल से अधिक भूमि कुर्क कर ली गई है।

### गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के कन्नूर में राजराजेश्वर मंदिर के दर्शन किए

**कन्नूर (केरल) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार शाम को तालीपरम्बा में स्थित प्रसिद्ध राजराजेश्वर मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। हजारों लोग हवाई अड्डे और मंदिर जाने वाले रास्ते पर उनके स्वागत के लिए जमा हुए। हवाई अड्डे से निकलने के बाद शाह अपनी कार से निकले और सड़क किनारे खड़े पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के पास गए, उनका अभिवादन किया, कुछ लोगों से हाथ मिलाया और वापस अपनी गाड़ी में बैठ गए, जबकि समर्थकों ने उन पर फूल बरसाए। मंदिर जाते हुए भी, रास्ते के दोनों इमारतों की छतों पर जमा लोगों ने उनके वाहन पर फूल बरसाए। केंद्रीय गृह मंत्री शाम को भगवान शिव को समर्पित राजराजेश्वर मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में घुसपैठ के आरोप में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा से बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में बांग्लादेश के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के आधार शिविर एशिया चौक के पास नियमित जांच कर रहे पुलिस के एक दल ने फहीम अहमद को संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मियों को देखकर अहमद ने छिपने की कोशिश की लेकिन अंततः उसे पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक, अहमद के पास से एक बांग्लादेशी पहचान पत्र कथित तौर पर मिला हालांकि, वह भारत में अपनी उपस्थिति का औचित्य सिद्ध करने के लिए कोई वैध यात्रा दस्तावेज, वीजा या पासपोर्ट नहीं दिखा सका। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि अहमद ने आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करते हुए अनधिकृत तरीकों से भारत में प्रवेश किया। प्रवक्ता ने बताया कि कटरा थाने में विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर उसके अवैध प्रवेश के पीछे के मकसद और संभावित संबंधों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### त्रिपुरा में बांग्लादेश के छह नागरिक और दो भारतीय मददगार गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा में बांग्लादेश के छह नागरिकों और दो भारतीय दलालों को अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल पर नियमित जांच कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कर्मियों ने बांग्लादेश के चार संदिग्ध नागरिकों और उन्हें धर्मनगर पहुंचने में मदद करने वाले दो भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, सभी छह लोगों को बीएसएफ ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया।

# भारतीय सशस्त्र बलों पर देवी काली का विशेष आशीर्वाद : राजनाथ सिंह



**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों पर देवी काली का विशेष आशीर्वाद है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय बलों ने अद्भुत वीरता, साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए पाकिस्तानी धरती पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की। लखनऊ के चौक क्षेत्र में कालीजी मंदिर में नवनिर्मित खंड के उद्घाटन के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, जब लखनऊ नहीं था, तब भी यह काली मंदिर था और आज जब लखनऊ एक भव्य रूप ले रहा है तब भी यह मंदिर हम सब की प्रेरणा की शक्ति के रूप में मौजूद है। उन्होंने कहा कि मुझे भी काली मां ने अपनाया है और मैं आजीवन लखनऊ की सेवा का व्रत लेकर यहां पर काम कर रहा हूं। आपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में महिला सैनिकों और पायलटों ने भाग लिया और मां काली के एक रूप से दुश्मनों को परास्त किया। लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि श्री बड़ी काली जी मंदिर लखनऊ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत एक ऐसा देश है, जो सदियों तक विश्व के लिए आर्थिक समृद्धि और भौतिक विकास का उदाहरण रहा है। सिंह ने कहा कि हमने प्रगति के प्रतिमान गढ़े हैं और और समृद्धि के सोपान भी तय किये हैं। पर, भारत ने भौतिक प्रगति को कभी भी भौगोलिक विस्तार और शोषण का साधन नहीं बनने दिया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने यह भी कहा, आप संयोग देख सकते हैं कि भारतीय सेना की जिस रेजिमेंट में कैप्टन मनोज पांडे ने सेवा की, उसका नाम गोरखा राइफल्स है। उस रेजिमेंट का नारा है, जय महाकाली, आयो गोरखाली। महाकाली इस देश में वीरता की प्रेरणा हैं।

## दिल्ली में चार मंजिला इमारत गिरने से छह लोगों की मौत, आठ घायल



**नयी दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से दो साल की बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक, उनकी पत्नी, दो बेटों और दो अन्य लोगों के शव मलबे से निकाले गए और उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मलबे में अबतक फंसे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) समेत कई एजेंसियों को तैनात किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमें वेलकम पुलिस थाने में शनिवार सुबह लगभग सात बजकर चार मिनट पर ईदगाह, वेलकम के निकट चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना मिली। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि इमारत की तीन मंजिलें ढह चुकी थीं।' उन्होंने कहा, 'अब तक आठ घायलों को बचाया गया है। सात को जेपीसी अस्पताल और एक को जीटीबी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। सभी बताए गए लापता व्यक्तियों को बचा लिया गया है। हालांकि, बचाव अभियान अब भी जारी है।' अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्वी) संदीप लांबा ने कहा, 'इमारत के मालिक मतलूब अपने परिवार के साथ इसी इमारत में रहते थे, भूतल और पहली मंजिल खाली हैं। सामने वाली इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।' इस घटना में मतलूब (50), उनकी पत्नी राबिया (46) और दो बेटे जावेद (23) एवं अब्दुल्ला (15) की मौत हो गई।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे का 94 प्रतिशत काम पूरा हुआ, 30 सितंबर को उद्घाटन का लक्ष्य: फडणवीस

**ठाणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) का लगभग 94 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और यहां से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करने के लिए 30 सितंबर का लक्ष्य रखा गया है। फडणवीस ने कहा कि यह देश का सबसे आधुनिक और पूर्णतः सुसज्जित हवाई अड्डा होगा तथा प्राधिकारियों को सामान प्राप्ति प्रणाली को विश्व में सबसे तेज बनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और वन मंत्री गणेश नाइक के साथ दिन में एनएमआईए परियोजना का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'आज हम यहां हवाई अड्डे की प्रगति की समीक्षा करने आए हैं। हमने रनवे से लेकर टर्मिनल भवन तक के काम की प्रगति पर एक विस्तृत प्रस्तुति देखी और उससे संबंधित सभी जानकारी प्राप्त की। लगभग 94 प्रतिशत जमीनी काम पूरा हो चुका है।' उन्होंने बताया कि हवाई पट्टी पूरी तरह से तैयार है और टर्मिनल भवन का काम लगभग पूरा हो चुका है, आंतरिक कार्य अभी चल रहा है। बाहरी अग्रभाग और बाहरी छत का काम तेज़ी से पूरा करने की ज़रूरत है। बाकी काम भी तेजी से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने 'यात्रियों के सामान संभालने की प्रणाली का भी अवलोकन किया, जो सबसे कुशल है, जिसमें सामान के बारकोड को 360 डिग्री स्कैनिंग प्रणाली द्वारा पढ़ा जा सकता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सामान सही जगह पर पहुंचे।

## उत्तराखंड : 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत राज्य में 127 ढोंगी बाबा पकड़े गए

**देहरादून :** उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान शुरू किए गए 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत पुलिस ने देहरादून, हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में अब तक 127 ऐसे लोगों को हिरासत में लिया या गिरफ्तार किया है, जो साधु या बाबाओं के भेष में लोगों को ठग रहे थे। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने यहां बताया कि 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत पुलिस द्वारा कई टीमें बनाकर विभिन्न स्थानों पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि देहरादून जिले में पिछले दो दिनों में करीब 61 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 17 अकेले



ऋषिकेश से ही गिरफ्तार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि देहरादून जिले के सहसपुर क्षेत्र में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया जो छद्म भेष में बाबा बनकर रह रहा था। पुलिस तथा अन्य एजेंसियों द्वारा की गयी संयुक्त पूछताछ में आरोपी रकम ने बताया कि वह बांग्लादेश में ढाका के पास टांगाइल जिले का रहने वाला है और छह-सात माह पहले चोरी छिपे विभिन्न स्थानों से होते हुए देहरादून पहुंचा था। रकम बाबा बनकर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहा था।

## जेएसडब्ल्यू स्टील ने बंगाल में 5 नए ब्रांडेड आउटलेट्स खोले, खुदरा विस्तार को दी गति

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेएसडब्ल्यू स्टील ने पश्चिम बंगाल में अपने रिटेल नेटवर्क को विस्तार देते हुए पांच नए ब्रांडेड आउटलेट्स का उद्घाटन किया। ये आउटलेट्स हुगली और उत्तर 24 परगना ज़िलों के विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं। जेएसडब्ल्यू शॉपी और शॉपी कनेक्ट प्रारूपों के तहत खुले इन स्टोर्स का उद्देश्य अर्ध-शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं को सीधे उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पाद उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एम.वी. कृष्णा, मोहित कारी, सप्तर्षि श, सुमन साहा और अमित कुमार झा उपस्थित रहे। एम.वी. कृष्णा ने कहा कि ये स्टोर केवल बिक्री केंद्र नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और सेवाओं का एकीकृत अनुभव हैं। जेएसडब्ल्यू का देशभर में 2,300 से अधिक ब्रांडेड आउटलेट्स का नेटवर्क है, जिनमें से 385 पूर्वी भारत में स्थित हैं। नया विस्तार कंपनी की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने की रणनीति का हिस्सा है।

## केरल में भाजपा का कार्यालय बनना मुख्यमंत्री होने से ज्यादा महत्वपूर्ण: अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल में भाजपा की प्रदेश समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन किया

**तिरुवनंतपुरम :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए केरल में मुख्यमंत्री होने से ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में पार्टी कार्यालय 'विकसित केरलम' का केंद्र बने। शाह ने भाजपा के नए प्रदेश कमेटी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद पुथरीकंदम मैदान में वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का 'लोगो' और 'मोटो' भी जारी किया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' का मार्ग 'विकसित केरलम' से होकर ही जाता है। शाह ने कहा, इसलिए, अब से भाजपा का मूल उद्देश्य 'विकसित केरलम' होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस वर्ष होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले यहां भाजपा की प्रदेश कमेटी के नए कार्यालय 'मरारजी भवन' का उद्घाटन किया।

## लद्दाख की एक माह की यात्रा पर दलाईलामा पहुंचे लेह

**लेह :** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के एक महीने की यात्रा पर शनिवार को यहां पहुंचे तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा का भव्य स्वागत किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पारंपरिक परिधान पहने महिलाओं, बच्चों और बौद्धभिक्षुओं समेत सैकड़ों लोग 14वें दलाई लामा की एक झलक पाने के लिए हवाई अड्डे से शेवात्सेल फोडरंग तक सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े थे। दलाई लामा हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से लेह तकनीकी हवाई अड्डे पहुंचे, जहां प्रमुख व्यक्तियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के एक समूह ने उनका स्वागत किया। स्थानीय लोग बड़ी संख्या में आए और लद्दाख के पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्र दमन एवं सुरना की धुन पर खुशी से नाचते देखे गए। लद्दाख बौद्ध संघ के एक नेता ने कहा, 'यह लद्दाख के लोगों के लिए एक खास दिन है, क्योंकि एक साल से भी ज्यादा समय के बाद दलाई लामा आखिरकार इस क्षेत्र के दौरे पर आये हैं। वह अपने सार्वजनिक प्रवचन और संवाद शुरू करने के लिए जांस्कर रवाना होने से पहले, ऊंचाई पर रहने के वास्ते खुद को ढालने के लिए अपने आधिकारिक आवास पर कुछ दिन बिताएंगे।' उन्होंने कहा कि वे लोग जांस्कर से लौटने पर दलाई लामा से कुछ शिक्षण सत्रों के लिए संपर्क करेंगे।

## आरेडिका चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



### 118 मरीजों की जांच, महिलाओं को कैंसर जागरूकता की जानकारी

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना (आरेडिका), रायबरेली के चिकित्सालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मैक्स अस्पताल, लखनऊ से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 118 मरीजों की जांच की। शिविर में हृदय, मूत्र, एंडोक्राइन और सामान्य रोगों से संबंधित विशेषज्ञों ने जांच की। 40 महिलाओं का विशेष रूप से ब्रेस्ट और एंडोक्राइन जांच की गई। इस मौके पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन ने अतिथि डॉक्टरों का स्वागत किया। शिविर के साथ आयोजित जागरूकता सत्र में डॉ. फराह अरशद ने ब्रेस्ट कैंसर पर जानकारी दी और डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव ने ओरल कैंसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से कैंसर का इलाज संभव है। इस कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन और महिला कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। आरेडिका महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने इस पहल को एक जागरूकतापूर्ण कदम बताया।

## 'एक देश, एक चुनाव' मुद्दे पर जेपीसी की अगली बैठक 30 जुलाई को होने की संभावना : पी पी चौधरी

**नयी दिल्ली :** 'एक देश, एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पी पी चौधरी ने कहा कि इस समिति की अगली बैठक 30 जुलाई को होने की संभावना है। चौधरी ने 'पीटीआई-वीडियो' को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि न्यायमूर्ति राजेंद्र मल लोढ़ा और न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे को अगली बैठक में अपने विचार व्यक्त करने के लिए बुलाया जा सकता है। भाजपा सांसद चौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति विधेयक पर अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बातचीत कर रही है। पूर्व प्रधान न्यायाधीशों-- न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जे एस खेहर और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को समिति की आठवीं बैठक के दौरान उसके सामने अपनी राय रखी। चौधरी ने कहा, ''समिति इस मुद्दे पर बहुत गंभीरता से चर्चा कर रही है और पूर्व प्रधान न्यायाधीशों समेत विभिन्न कानूनी दिग्गजों ने हमें यह समझने में मदद करने के लिए अपनी राय दी है कि क्या यह विचार संवैधानिक ढांचे के भीतर फिट बैठता है।''

## मिज़ोरम: असम राइफल्स ने 112.40 करोड़ रुपये की 'मेथ' गोलियां जब्त कीं

**आइजोल :** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले से 112.40 करोड़ रुपये मूल्य की 'मेथ' गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की है। अर्द्धसैनिक बल द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। 'मेथाम्फेटामाइन' एक प्रकार की उत्तेजक दवा है जिसका दुरुपयोग अक्सर नशा करने के लिए किया जाता है। बयान के अनुसार, शुक्रवार को गश्त के दौरान असम राइफल्स के जवानों ने दो व्यक्तियों को म्यांमा सीमा के निकट जोखावथर गांव में एक थैला ले जाते हुए देखा। इसमें कहा गया है कि थैले की जांच करने पर असम राइफल्स



के जवानों ने 'मेथाम्फेटामाइन' की 3.33 लाख गोलियां बरामद कीं। हालांकि, दोनों व्यक्ति भारत-म्यांमा सीमा पर बहने वाली तियाउ नदी में कूद कर म्यांमा की तरफ भाग निकले। बयान में कहा गया है कि जब्त की गई 112.40 करोड़ रुपये की 'मेथ' गोलियों को चंफाई शहर में वितरित किया जाना था। जब्त की गई खेप को आगे जांच और कानूनी कार्यवाही के लिए जोखावथर में मिजोरम पुलिस को सौंप दिया गया।

## डीएफएस ने गुरुग्राम में वर्कशॉप आयोजित की



### दिव्यांगजनों की सुविधा, आरक्षण और शिकायत निवारण पर दिया गया जोर

**गुरुग्राम, समाज्ञा :** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने गुरुग्राम स्थित एसबीआई अकादमी में दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों में आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करना, दिव्यांगजनों के लिए वित्तीय सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाना और लोक शिकायतों के समाधान को मजबूत करना रहा। इस वर्कशॉप में आरबीआई, पीएफआरडीए, आईआरडीएआई, 12 सार्वजनिक बैंक, 7 बीमा कंपनियां और अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने आरक्षण प्रावधानों, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, रोस्टर प्रक्रिया और शिकायत निवारण तंत्र पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थानों में नीति क्रियान्वयन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और सभी वर्गों तक सेवाएं सुलभ कराना था।

## हमदाबाद विमान दुर्घटना के एक महीने बाद: कालिख से ढकी इमारतें भयावह हादसे की याद

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट मेडिकल हॉस्टल परिसर में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक महीने बाद, जले हुए पेड़, कालिख से ढकी दीवारें और खाली इमारतें पिछले एक दशक में हुए सबसे घातक विमान हादसे की भयावह याद दिलाती हैं। उस दिन, एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 171 सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद बी. जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बोइंग 787-8 विमान लंदन (गैटविक) जा रहा था। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें आग



लग गई, जिससे इसमें सवार 242 लोगों में से 241 लोग मारे गए, जबकि जमीन पर बी. जे. मेडिकल कॉलेज के कई छात्रों सहित 19 लोग मारे गए थे। दुर्घटना के समय, कई मेडिकल छात्र और रेजिडेंट डॉक्टर या तो अपने हॉस्टल के कमरों में थे या दोपहर के भोजन के लिए मेस में इकट्ठा हुए थे। विमान मेस की इमारत से टकराया, जिससे एक सामान्य दोपहर तबाही के भयावह दृश्य में तब्दील हो गई। हॉस्टल परिसर में मलबा बिखर गया था और क्षतिग्रस्त इमारतों पर अब भी मोटी कालिख जमी हुई है। अब एक माह बीत चुके हैं और पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी को छोड़कर, दुर्घटनास्थल पर किसी भी प्रकार की गतिविधि के संकेत नहीं दिख रहे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपाल सिंह राठौर ने कहा कि दुर्घटनास्थल की सुरक्षा के लिए लगभग 50-60 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की आवश्यकता समाप्त होने के संबंध में दो-चार दिनों में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) अपनी रिपोर्ट सौंप देगा उसके बाद वहां से सुरक्षाकर्मियों को हटा लिया जाएगा।

### हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें बंद

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से सर्वाधिक प्रभावित हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारी बारिश के कारण मंडी से धर्मपुर (कोटली होकर) के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग- तीन (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। मंडी के पंडोह बांध के पास कैची मोड़ पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन होने से चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के मंडी-कुल्लू खंड को करीब 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा। इसके बाद वाहनों को कटौला-कामांद वैकल्पिक मार्ग से भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी से मलबा और पत्थर सड़क पर गिरने के कारण यातायात रोकना पड़ा जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## पृथ्वी पर 15 जुलाई को लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सात दिनों तक पुनर्वास में रहना होगा



**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट पर उतरने के बाद सात दिनों तक पुनर्वास में रहेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री, कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड व हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। नासा ने एक बयान में बताया कि चारों अंतरिक्ष यात्री सोमवार, 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर 35 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होने के बाद कई कक्षीय प्रक्रियाओं को पार कर 'क्रू ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेगा। इसरो ने 'एक्सिओम-4' मिशन के बारे में बताया, '(अंतरिक्ष से) वापस आने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में एक कार्यक्रम के तहत (लगभग सात दिन) पुनर्वास में रहना होगा।''

# भारतीय टीम पहली पारी में बढ़त लेने से चूकी, इंग्लैंड से स्कोर बराबरी पर

- राहुल का शतक, पंत-जडेजा के अर्धशतक
- इंग्लैंड ने हासिल की दो रन की बढ़त



**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी का रोमांचक अंत देखने को मिला, जहां दोनों टीमों ने समान स्कोर (387 रन) बनाए। भारत को बढ़त लेने का अच्छा मौका था, लेकिन अंतिम चार विकेट सिर्फ 11 रन के अंदर गिरने से टीम इंडिया बराबरी से आगे नहीं बढ़ सकी। भारत ने तीसरे दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 145 रन से की। केएल राहुल (100) और ऋषभ पंत (74) ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए चौथे विकेट के लिए 141 रनों की साझेदारी की। पंत रन आउट हुए, जबकि राहुल ने अपना 10वां टेस्ट शतक पूरा करने के तुरंत बाद विकेट गंवा दिया। इसके बाद रवींद्र जडेजा (72) और नीतीश रेड्डी (30) के बीच 72 रनों की अहम साझेदारी हुई, जिसने भारत को 350 के पार पहुंचाया। वॉशिंगटन सुंदर (23) और जडेजा ने भी 50 रनों की साझेदारी की, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज़ कुछ खास योगदान नहीं दे सके। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने तीन, जबकि जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने दो-दो विकेट चटकाए। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक सफलता मिली। भारत के लिए यह पहली पारी में बढ़त का सुनहरा अवसर था, लेकिन निचले क्रम की असफलता के चलते वह उस पर कब्जा नहीं कर सका। अब मुकाबला पूरी तरह से बराबरी पर खड़ा है और अगली पारियों में दोनों टीमों के सामने जीत की चुनौती होगी। अगर आपको यह रिपोर्ट क्षेत्रीय संस्करण, खेल विशेषांक या विशेष फॉर्मेट में चाहिए तो बताइए, मैं उसी अनुसार एडिट कर दूँगा।

## चोपड़ा और नदीम पेरिस ओलंपिक के बाद सिलेसिया डायमंड लीग में 16 अगस्त को होंगे आमने-सामने

**सिलेसिया (पोलैंड) :** दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम आठ अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे। नदीम पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ भारतीय खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण जीतने वाले 27 साल के चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## स्वियातेक ने जीता अपना पहला विंबलडन खिताब



**लंदन :** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शनिवार को यहां अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराकर पहली बार विंबलडन और छठा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह 114 वर्षों में विंबलडन का पहला महिला फाइनल था जिसमें प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सकी। फ्रेंच ओपन में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी जीतने वाली 24 वर्षीय स्वियातेक ने सेंटर कोर्ट पर धूप भरी दोपहर में केवल 57 मिनट में 13वीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा को हराकर आखिरकार ग्रासकोर्ट पर अपनी पहली ट्रॉफी जीत ली। इस तरह स्वियातेक विंबलडन में लगातार आठवीं बार पहली बार महिला चैंपियन बनी हैं।

## ज्योति चमकीं, भारत ने तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता

**मैड्रिड :** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर अपनी हैट्रिक पूरी की। पदक जीतने के बावजूद इस प्रदर्शन ने भारतीय तीरंदाजों की मुश्किल परिस्थितियों में दबाव में संघर्ष को उजागर कर दिया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई। इस हार ने एक बार फिर टीम की मानसिक कमजोरियों को उजागर कर दिया और 2022 एशियाई खेलों के बाद कंपाउंड कोच सर्जियो पाग्नी के जाने के बाद से पैदा हुए खालीपन को भी उजागर कर दिया। चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ, चेन यी-ह्सुआन और चिउ यू-एर्ह की तिकड़ी ने संयम बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बाद में मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और ऋषभ यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 10वीं वरीयता प्राप्त एल साल्वाडोर की पाओला कोराडो और डगलस व्लादिमीर नोलास्को की जोड़ी को 156-153 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय मिश्रित जोड़ी ने पहले दिन कुल 1431 अंकों के साथ क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

## सिमरन और प्रीति ने इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता

**बेंगलुरु :** उत्तर प्रदेश की सिमरन और प्रीति पाल ने सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को यहां महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में क्रमश: टी12 और टी35 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। सिमरन ने 24.80 सेकेंड का शानदार समय निकालकर स्पर्धा जीती। उनके बाद गुजरात की दामोर तेजल ने 25.80 सेकेंड के साथ रजत और ओडिशा की जानकी ओरम ने 30.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। बाद में प्रीति ने अपनी राज्य की साथी के नक्शेकदमों पर चलते हुए टी35 वर्ग में 31.40 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की अवनि ने 44.20 सेकेंड के साथ रजत और राजस्थान की सुनेत्रा ने 58.50 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।







वर्ष 10, पूर्णांक 3295 अंक 105, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in